राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार
जयपुर, मंगलवार, 13 जनवरी, 2026
राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346

सुविचार

"वास्तव में संघर्ष की भावना ही अपने आप में एक सफलता है।"

# हमारा समाचार

दैनिक | वर्ष - 12 अंकः 229 | प्रातः कालीन | मूल्यः 3 रुपए | पृष्ठः 8 | hamarasamachar02@gmail.com

## टैरिफ तनाव के बीच भारत आ सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राजदूत ने दिया संकेत

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने पदभार संभाल लिया है। खास बात यह है कि उनके पदभार संभालने के बाद ही उनके एक बयान ने सुर्खियां बंटोर ली है। सर्गियो ने भारत और अमेरिकी संबंधों को लेकर अहम बयान दिया है। सर्जियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच दोस्ती 'बहुत सच्ची और मजबूत' है। यह रिश्ता केवल कूटनीतिक मजबूरी नहीं, बल्कि आपसी भरोसे और समझ पर टिका हुआ है।

### मोदी-ट्रंप की दोस्ती पर क्या बोले राजदूत

सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें खुद राष्ट्रपति ट्रंप के साथ दुनिया भर में यात्रा करने का मौका मिला है,



इसलिए वह व्यक्तिगत रूप से इस दोस्ती की मजबूती की गवाही दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेता एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और वैश्विक मुद्दों पर खुलकर बातचीत करते हैं। राजदूत के अनुसार, 'असली दोस्ती में मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन सच्चे दोस्त अंततः उन्हें सुलझा लेते हैं।'
ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर संकेत राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रंप की संभावित भारत यात्रा पर भी बड़ा संकेत दिया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है राष्ट्रपति ट्रंप अगले एक या दो साल के भीतर भारत दौरे पर आ सकते हैं।

## जयपुर में कर्मचारी महासंघ ने निकाली रैली, सड़कों पर उतरे कर्मचारी, किया शक्ति प्रदर्शन

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में सोमवार को अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ की ओर से कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में प्रदेश के विभिन्न जिलों से कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ रोष जताया और नारेबाजी करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। रैली की शुरुआत रामनिवास बाग से हुई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई सिविल लाइंस फाटक तक पहुंची। रैली के दौरान कर्मचारियों ने बैनर और तख्तियां लेकर अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। रैली के चलते कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था भी प्रभावित रही, जिसे पुलिस प्रशासन ने संभाल लिया। महासंघ की प्रमुख मांगों में वेतन विसंगति को दूर करना और केंद्र सरकार के पे-लेवल के समान वेतनमान लागू करना शामिल है।



### सत्ता-संगठन में हुए दरकिनार नेताओं में होड़..

# भाजपा में ना पद मिला और ना मिला सम्मान.. घर वापसी की कतार में 'पूर्व कांग्रेसी बेताब'!

## अनुशासन समिति के पास पहुंची आधा दर्जन से अधिक अर्जियां, मालवीया पर भी होगा बड़ा फैसला

### रिपोर्ट के बाद प्रदेश नेतृत्व करेगा अंतिम फैसला, पार्टी संतुलन और आगामी रणनीति पर पड़ेगा सीधा असर

### कांग्रेस संगठन को मिलेगा नया राजनीतिक संबल

हमारा समाचार

**जयपुर।** चार बार विधायक और एक बार सांसद रहे दिग्गज आदिवासी नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीय के अचानक भाजपा छोड़कर कांग्रेस में 'घर वापसी' की चर्चा ने राजस्थान की सियासत को गरमा दिया है। खुद महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने कांग्रेस में होने की बात कही थी तो वहीं पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी स्वीकार किया था कि महेंद्रजीत सिंह मालवीया ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में घर वापसी के लिए प्रार्थना पत्र दिया है, जिस पर अनुशासन समिति विचार करेगी।
इधर, महेंद्रजीत सिंह मालवीय के बाद करीब आधा दर्जन नेता भी ऐसे हैं जो घर वापसी की कतार में लगे हुए हैं, जिनका मामला अनुशासन समिति में लंबित है। अब इस मामले को लेकर जल्द ही अनुशासन समिति की बैठक होगी। इसके बाद समिति अपनी अनुशंसा करके रिपोर्ट देगी और उसके बाद इन नेताओं की घर वापसी का रास्ता खुलेगा। दिलचस्प है कि विधानसभा चुनाव के दौरान करीब एक दर्जन बड़े नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा या दूसरे दलों का दामन थाम लिया था, लेकिन भाजपा में खुद को उपेक्षित पाए जाने के बाद अब यह नेता फिर से कांग्रेस में ही घर वापसी करने को बेताब हैं। इनमें से कई नेताओं ने तो घर वापसी के लिए पार्टी के शीर्ष नेताओं से लेकर प्रदेश के नेताओं से भी लगातार मुलाकात की है और बाकायदा घर वापसी के लिए प्रार्थना पत्र भी दिया है।
इधर घर वापसी को लेकर अनुशासन समिति के एक सदस्य ने बताया कि कई बड़े शहरों के साथ ही कोटा, झालावाड़, अजमेर जयपुर सहित कई अन्य जिलों से बागी और कांग्रेस छोड़कर गए नेताओं की कांग्रेस में फिर से शामिल होने के लिए प्रार्थना पत्र आए हुए हैं। इसे लेकर जल्द ही अनुशासन समिति की बैठक होगी और उसके बाद हम अपनी रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को देंगे, क्योंकि अब महेंद्रजीत सिंह मालवीय का मामला भी एक-दो दिन में हमारे पास आ जाएगा, उस पर भी चर्चा होगी।



मलमास के बाद होगी समिति की अहम बैठक

### लोकसभा चुनाव के दौरान इन नेताओं की हुई थी घर वापसी

विधानसभा चुनाव में पार्टी से बगावत करने वाले कई नेताओं की लोकसभा चुनाव के दौरान घर वापसी हुई थी। इनमें पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल, बाड़मेर के पूर्व जिलाध्यक्ष फतेह खान, ओम बिश्नोई, सुनील परिहार और कामां से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले मुख्तार खान की कांग्रेस में वापसी हुई थी। गौरतनब है कि विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के कई बड़े और दिग्गज चेहरे ऐसे थे जो कांग्रेस का दामन छोड़कर भाजपा में चले गए थे।

### कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए लेकिन *ना पद मिला और ना ही सम्मान*

दिलचस्प ये भी है कि छोड़कर कांग्रेस से भाजपा में गए किसी भी अन्य नेता को सत्ता और संगठन में कोई पद नहीं मिला है, जिसके चलते यह नेता वहां खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। हालांकि, लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए महेंद्रजीत सिंह मालवीय को पार्टी ने डूंगरपुर-बांसवाड़ा से लोकसभा का टिकट दिया था, लेकिन उन्हें भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार रोत के सामने हार का सामना करना पड़ा था। अब नेताओं की घर वापसी को लेकर अनुशासन समिति की सदस्य और पूर्व मंत्री शकुंतला रावत का कहना है कि इस बारे में ज्यादा तो नहीं बता सकते, लेकिन कई जिलों से भी हमारे पास आवेदन आए हैं। मलमास खत्म होने के बाद जल्द ही अनुशासन समिति की बैठक होगी और उसके बाद हम अपनी अनुशंसा करके प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट दे देंगे।

### फिलहाल ये नेता घवापसी की कतार में, वरिष्ठ नेताओं से साधा संपर्क; होगा अंतिम फैसला

फिलहाल जो नेता घर वापसी की कतार में हैं, उनमें पूर्व सांसद खिलाड़ी लाल बैरवा, गोपाल गुर्जर, पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना, बलराम यादव और कैलाश मीणा का नाम शामिल है। इनमें खिलाड़ी लाल बैरवा ने तो कुछ माह बाद भाजपा छोड़ दी थी और उसके बाद लगातार कांग्रेस नेताओं के संपर्क में थे। बीते साल दिल्ली में उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी मुलाकात की थी। वहीं, 2025 में थार के दिग्गज नेता मेवाराम जैन और अमीन खान की घर वापसी हुई थी। अमीन खान को लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के चलते निष्कासित कर दिया गया था तो मेवाराम जैन को भी एक विवादित वीडियो के चलते पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

## बीकानेर में 12वीं छात्रा से चलती कार में गैंगरेप, 5 दिन बाद मामला दर्ज

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** राजस्थान के बीकानेर जिले में 12वीं कक्षा की एक छात्रा के साथ चलती कार में गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। घटना 6 जनवरी को नापासर थाना क्षेत्र में हुई थी, लेकिन छात्रा के परिजनों की शिकायत के बाद 11 जनवरी को मामला दर्ज किया गया ख।

### क्या हुआ था?

पुलिस के अनुसार, छात्रा 6 जनवरी की सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। इसी दौरान दो युवकों ने रास्ते में उसे रोका, जबरन कार में बैठाया और वहां से फरार हो गए। आरोप है कि आरोपी कई घंटों तक कार को इधर-उधर घुमाते रहे और इस दौरान चलती गाड़ी के अंदर छात्रा को धमकाते हुए बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

### ग्रामीणों ने बचाया

बाद में जब कार एक पड़ोसी गांव में पहुंची, तो वहां के लोगों को शक हुआ। ग्रामीणों ने वाहन को रोक लिया। इसके बाद आरोपी छात्रा को जबरन कार से उतारकर मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना छात्रा के परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और छात्रा को अपने साथ घर ले गए।




### पुलिस ने दर्ज किया मामला

नापासर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है। पुलिस अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से अधिक है, जबकि आरोपियों की उम्र फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## ईरान पर ट्रंप की धमकी से भड़का चीन, कहा- ताकत का इस्तेमाल मंजूर नहीं

हमारा समाचार

**बीजिंग/वॉशिंगटनः** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को लेकर वैश्विक तनाव चरम पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई के संकेतों पर अब चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बीजिंग ने अमेरिका को नसीहत देते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय संबंधों में 'बल प्रयोग' के सख्त खिलाफ है। वहीं, अमेरिका ने दावा किया है कि ईरान ने 'लक्ष्मण रेखा' पार कर ली है और अब सैन्य हमलों समेत सभी विकल्प मेज पर हैं।
अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों पर पलटवार करते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान जारी किया। चीन ने कहा, हम हमेशा से किसी भी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप का विरोध करते रहे हैं। चीन ने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत हर देश की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा करना अनिवार्य है। चीन का यह बयान सीधे तौर पर अमेरिका को ईरान में दखल देने से रोकने की चेतावनी मानी जा रही है।
दूसरी ओर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रुख ईरान को लेकर बेहद आक्रामक है। ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर ईरानी सरकार ने अपनी जनता और प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाई, तो अमेरिका चुप नहीं बैठेगा।



## 1 फरवरी को पेश होगा देश का आम बजट, स्पीकर ने कर दिया सबकुछ क्लियर; नहीं टूटेगी परंपरा

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी (रविवार) को केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी। यह बजट कई मायनों में ऐतिहासिक होने जा रहा है। एक ओर यह मोदी 3.0 सरकार का दूसरा पूर्ण बजट होगा, वहीं दूसरी ओर निर्मला सीतारमण अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज करेंगी। वह लगातार नौवां बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। निर्मला सीतारमण ने इससे पहले फरवरी 2024 में अंतरिम बजट और 2025 में मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट पेश किया था। बजट 2026 के साथ वह पूर्व प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच जाएंगी, जिन्होंने कुल 10 बार केंद्रीय बजट पेश किया था। हालांकि मोरारजी देसाई ने यह उपलब्धि अलग-अलग कार्यकाल में हासिल की थी, जबकि निर्मला सीतारमण एक ही प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार नौ बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री होंगी। बजट 2026 से देश की जनता को खास उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि सरकार आर्थिक विकास की रफ्तार बनाए रखने के साथ-साथ मध्यम वर्ग को राहत देने पर विशेष ध्यान दे सकती है।



## जयपुर के आमेर में फिर हिट एंड रन का कहर, तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा, चालक फरार

हमारा समाचार

**जयपुर :** आमेर थाना क्षेत्र में फिर दिखा हिट एंड रन का मामला, कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर,गंभीर रूप से बाइक सवार हुआ घायल,घायल व्यक्ति को स्वस्थ अस्पताल में कराया भर्ती, देर रात की बताई जा रही घटना,हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ हुई जमा,कार चालक हुआ मौके से फरार,पुलिस मामले की जांच में जुटी,वही पुलिस अज्ञात कार चालक की तलाश में जुटी। राजधानी जयपुर के आमेर थाना क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। देर रात हुए हिट एंड रन हादसे में एक अज्ञात कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।




### राजस्थान सरकार ने जारी की 'राजस्थान युवा नीति-2026' : युवाओं के लिए रोजगार के नए मौक़े होंगे पैदा

# प्रदेश में एक लाख भर्तियों का कैलेंडर जारी

## एक साल में होने वाली भर्ती के बारे में पता चलेगा

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने युवाओं के सर्वांगीण विकास को केंद्र में रखते हुए राजस्थान युवा नीति-2026 को जारी किया है। राज्य सरकार का मानना है कि बदलती जनसांख्यिकी, युवाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति तथा बदलती परिस्थितियों को देखते हुए युवा नीति का नवीनीकरण आवश्यक है। इससे पहले राज्य में लागू युवा नीति वर्ष 2025 में लाई गई थी। नई नीति के माध्यम से युवाओं को विकास का सक्रिय चालक मानते हुए एक ऐसा समावेशी और सहयोगी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की परिकल्पना की गई है, जिसमें हर युवा को आगे बढ़ने के समान अवसर मिल सकें।
सरकार का कहना है कि नई युवा नीति का मुख्य विजन यह है कि राजस्थान ऐसा राज्य बने जहां युवा विकास के केंद्र में हों। नीति का उद्देश्य युवाओं को आवश्यक कौशल से युक्त करना, उन्हें नैतिक रूप से जागरूक और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज के समग्र विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।



### करियर परामर्श और कौशल निर्माण को मजबूत किया जाएगा

राजस्थान युवा नीति-2026 के प्रमुख बिंदुओं में शिक्षा और कौशल विकास, रोजगार और उद्यमिता, स्वास्थ्य और कल्याण, युवा नेतृत्व विकास, सामाजिक न्याय और लैंगिक समानता, कला और संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और मजबूत संस्थागत तंत्र का विकास शामिल है। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने, करियर परामर्श और कौशल निर्माण को मजबूत किया जाएगा। राजस्थान युवा नीति-2026 के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार और बुनियादी अधिकारों तक युवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

### वैश्विक समाज में युवाओं के सशक्तिकरण

नीति में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने, सामाजिक उद्यमिता, स्वयंसेवा और युवा नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की बात कही गई है। वैश्विक समाज में युवाओं के सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास के अवसरों का विस्तार और तकनीक के अधिकतम उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।
इसके अलावा राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति युवाओं में गर्व और सम्मान की भावना विकसित करना, कला, खेल, संस्कृति और साहित्य जैसे क्षेत्रों में उभरती प्रतिभाओं को पहचान देना और उनका समर्थन करना भी नीति के प्रमुख उद्देश्य हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और भेदभावपूर्ण प्रथाओं को समाप्त करने पर भी नीति में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। नई युवा नीति के तहत सामाजिक रूप से समावेशी रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिसमें हाशिये पर खड़े युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और किसी को भी पीछे न छोड़ने के सिद्धांत के साथ समान प्रगति सुनिश्चित की जाएगी।

## रक्तदान शिविर में 154 यूनिट रक्त एकत्रित एवं वृद्धजन सम्मान समारोह में 300 से ज्यादा वृद्ध जनों का सम्मान

### ग्राम चेतावाला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम



हमारा समाचार

**रामपुरा डाबड़ी।** नवगठित ग्राम पंचायत चेतावाला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से रक्तदान शिविर, वृद्ध जन सम्मान समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजक कमेटी से फूलचंद लाखीवाल ने की।वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा,राष्ट्रीय करणी सेना से शिव सिंह ,राष्ट्रीय किसान संघ से हरि सिंह गठाला, पूर्व सरपंच पप्पूलाल सैनी, जाहोता सरपंच श्याम प्रताप सिंह राठौड़, दिनेश गुप्ता व आयोजित कमेटी से अशोक शेखावत ,रामपाल शेरावत, देवी सिंह ,रामगोपाल बाज्या ,रामपाल बायला,मनीष गुलिया आदि मौजूद रहे। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामलाल शर्मा ने कहा कि समय-समय पर रक्तदान करने से शरीर निरोग रहता है ,दूसरों को जीवन दान मिलता है ।नए रक्त का संचार होता है।वहीं बुजुर्गों को सम्मान करना सराहनीय कार्य है।वो हमारे लिए प्रेरणादाई है ,हमें उनके बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए ।इस दौरान 304 वृद्धजनों का सम्मान ,346 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। वहीं रक्तदान शिविर में 154 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे। इस मौके पर पोषबडा महोत्सव का भी आयोजन किया गया ।

## जोबनेर पी जी कालेज में सप्तदिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ



हमारा समाचार

**बोराज।** जोबनेर पी.जी. कॉलेज, जोबनेर (जयपुर) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ सोमवार को हुआ। शिविर के प्रथम दिवस की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें योगाचार्य बाबूलाल कुमावत ने स्वयंसेवकों को योग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने दैनिक जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा देते हुए 'पहला सुख निरोगी काया' का पाठ पढ़ाया तथा व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय अपने स्वास्थ्य के लिए निकालने पर विशेष बल दिया। स्वयंसेवकों ने योग एवं ध्यान को अत्यंत गंभीरता और उत्साह के साथ ग्रहण किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री हंसराज जाजोरिया ने बताया कि सप्तदिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य स्वयंसेवकों को समाज सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ना है। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक नवल किशोर शर्मा, संस्था सचिव राम मोहन शर्मा,शिव भगवान शर्मा,बृजमोहन शर्मा, रिचा महर्षि, नीलेश शर्मा, राधा गौड़, सीमा हरित,भागचंद चौधरी, बाबूलाल कुमावत, राजू कुमावत,तनु सैन, बोदूराम जाट, रेखा माहेश्वरी,निकिता कुमावत, ज्योति दाधीच, मनीष शर्मा, दीपक पारिक, देवेंद्र राव, कल्पना कुमावत, शीशपाल नेहरा, रमेश कुमावत एवं विनोद प्रजापत सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## नवनिर्वाचित जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा का किया स्वागत



हमारा समाचार

**कोटपूतली।** जिला मुख्यालय कोटपूतली शहर में नवनिर्वाचित जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा एवं श्री जयसिंह गौशाला के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष जुगल किशोर शर्मा का रविवार को शहर के सराय मौहल्ला स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में ब्राह्मण समाज सराय मौहल्ला ईकाई द्वारा स्वागत-अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सारस्वत, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, एड. दिनेश कौशिक, पवन पारीक, केदार शर्मा, गोपाल शर्मा, आशुतोष सारस्वत, नीरज अवस्थी, सौरभ अवस्थी समेत अन्य मौजूद रहे।

## एक शाम गौ माता के नाम पोस्टर जारी

हमारा समाचार



**नरैना।** दादू पीठाधीश्वर ने किया हिंदुस्तान गौ सेवा समिति एवं गौ चिकित्सालय नरैना 10 वर्ष पूर्ण होकर 11 वर्ष में प्रवेश कर रहा है इस अवसर पर गौ चिकित्सालय के कार्यकर्ताओं द्वारा विशाल भजन संध्या, झंडारोहण व गौ पूजन कार्यक्रम 26 जनवरी शाम 6:15 बजे से प्रारंभ होगा जिसके पोस्टर विमोचन दादू पीठाधीश्वर ने किया वह कार्यक्रम के सफल आयोजन की कामना की प्रीत अवसर पर ललित सैनी (मोदी), गौरव दाधीच, आकास कलौसिया, हर्षित राव, जुगल किशोर दाधीच, विष्णु साहू, विजय नामा, नितिन सारसर, कार्तिक दाधीच, चंदन सिंह, बंटी योगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा कंबल वितरण समारोह का आयोजन

हमारा समाचार

**कोटपूतली बहरोड़ ।** जिला मुख्यालय कोटपुतली शहर में अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंदों की सहायता हेतु कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य ठंड से प्रभावित गरीब एवं असहाय लोगों को राहत प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मंडल की अध्यक्ष लाजवंती देवी ने की। इस अवसर पर महिला मंडल की महामंत्री जया बिरमीवाल, दीप्ति बंसल, इंदु अग्रवाल, पार्षद रेनू अग्रवाल, शालू चौधरी, चन्दा अग्रवाल, रागिनी बंसल, शीतल गोयल, शालू दिवान, बीना गोयल, मृदुला गोयल,



प्रतीक्षा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, अल्का बंसल, अंजलि सवाईका, रुक्मणी



अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, रेणु जिंदल सहित समाज की अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं। महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक बालाजी कालोनी कच्ची बस्ती, B.D.M चिकित्सालय सहित कई जगह जरुरतमंदों को कंबल वितरित किए।

अध्यक्ष लाजवंती देवी ने कहा कि समाज सेवा अग्रवाल समाज की परंपरा रही है और महिला मंडल भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर करता रहेगा। उपस्थित लोगों ने महिला मंडल के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में महिला मंडल की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

# गुरुदेव गुरुवानन्द स्वामी जी के 86वें अवतरण दिवस पर कुष्ठ रोगियों के लिए सेवा कार्यक्रम

हमारा समाचार

**जयपुर।** पूज्य गुरुदेव सिद्धगुरु श्री गुरुवानन्द स्वामी जी के 86वें अवतरण दिवस के अवसर पर जयपुर केंद्र की युवा टीम द्वारा इंद्र कुष्ठ आश्रम में मानव सेवा का प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कुष्ठ रोगियों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन प्रसादी, फल वितरण एवं वस्त्र वितरण कर सेवा लाभ प्राप्त किया गया। जयपुर युवा टीम के अध्यक्ष श्रीकांत विभूतिया ने बताया कि गुरुदेव सदैव शिक्षा, सेवा एवं साधना को मानव जीवन का एकमात्र ध्येय बताते हैं और इसी विचारधारा को आत्मसात करते हुए यह सेवा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग की सेवा ही सच्ची साधना है। कार्यक्रम में शुभेंदु पारीक, अंशुल शर्मा, जतिन पालीवाल, संदीप कुमार, उर्वशी सांवरिया, मनीषा वर्मा सहित बड़ी



संख्या में युवा उपस्थित रहे। वहीं दिलीप जी शर्मा (कनाडा), राष्ट्रीय सचिव प्रमोद पालीवाल, राष्ट्रीय मीडिया संयोजक कमल आत्रेय, राजस्थान चेयरमैन राजेंद्र चौधरी एवं जयपुर अध्यक्ष संजय शर्मा ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# ज्ञान और शक्ति का अद्भुत संगम है माँ तारा:- बाबा-भागलपुर

हमारा समाचार

**जयपुर/भागलपुर/बिहार ।** महाविद्या साधना दुर्गा तंत्र में दस महाविद्याओं को शक्ति के दस प्रधान स्वरूपों के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। ये दस महाविद्याएँ हैं:- 'श्रीकाली तारा महाविद्या षोडसी भुवनेश्वरी भैरवी छिन्नमस्ता च विद्या धूमावती तथा श्रीबगलासिद्धिविद्या च मातंगी कमलात्मिका' एता दसमहाविद्याः सिद्धि विद्या प्रकीर्तिताः।। इस सम्बन्ध में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त ज्योतिष योग शोध केन्द्र, बिहार के संस्थापक दैवज्ञ पं. आर. के. चौधरी उर्फ बाबा-भागलपुर, भविष्यवेत्ता एवं हस्तरेखा विशेषज्ञ ने सुगमतापूर्वक बतलाया कि:- महाविद्याओं को दो कुलों में बांटा गया है:- पहला काली कुल तथा दूसरा श्रीकुल। काली कुल की प्रमुख महाविद्या है माँ तारा। इस साधना से जहाँ एक ओर आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है, वहीं ज्ञान व विद्या का विकास भी होता है। इस महाविद्या के साधकों में जहाँ महर्षि वशिष्ठ जैसे प्राचीन साधक रहे हैं, वहीं वामाक्षेपा जैसे साधक वर्तमान युग में बंगाल प्रांत में हो चुके हैं। विश्व प्रसिद्ध तांत्रिक तथा लेखक गोपीनाथ कविराज के परमादरणीय गुरुदेव स्वामी विशुद्धानंद जी तारा साधक थे। इस साधना के बल पर उन्होंने अपनी नाभी से कमल की उत्पत्ति कर के दिखाया था। तिब्बत को साधनाओं का गढ़ माना जाता है। तिब्बती लामाओं या गुरुओं के पास साधनाओं की अतिविशिष्ट तथा दुर्लभ विधियाँ आज भी मौजूद हैं। तिब्बती साधनाओं के सर्वश्रेष्ठ होने के पीछे भी उनकी आराध्या देवी *मणिपद्मा* का ही आशीर्वाद है। मणिपद्मा तारा का ही तिब्बती नाम है। इसी साधना के बल पर वह असामान्य तथा असंभव लगने वाली क्रियाओं को भी करने में सफल हो पाते हैं। तारा महाविद्या साधना सबसे कठोर साधनाओं में से एक है। इस साधना में किसी प्रकार के नियमों में शिथिलता स्वीकार्य





नहीं होती। इस महाविद्या के तीन रूप माने गये हैं तथा इनके भैरव हैं अक्षोम्य ऋषि।

1. नील सरस्वती 2. एक जटा 3. उग्र तारा।

ॐ एकजटा नीलसरस्वती उग्रतारा दैव्यै भियो नमः स्वाहा।

बिहार के सहरसा जिले में प्रसिद्ध महिषी ग्राम में माँ उग्रतारा का सिद्धपीठ विद्यमान है। वहाँ तारा, एकजटा तथा नीलसरस्वती की तीनों मूर्तियों एक साथ हैं। मध्य में बड़ी मूर्ति व दोनों तरफ छोटी मूर्तियाँ हैं।

**माता तारा के नील सरस्वती स्वरूप की साधना :-** विद्या प्राप्ति तथा ज्ञान की पूर्णता के लिये सर्वश्रेष्ठ है। इस साधना की पूर्णता साधक को जहाँ ज्ञान के क्षेत्र में अद्वितीय बनाती है, वहीं साधक को स्वयं में कवित्व शक्ति भी प्रदान कर देती है, अर्थात वह कविता, या लेखन की क्षमता भी प्राप्त कर लेता है। इस साधना से निश्चित रूप से मानसिक क्षमता का विकास होता है। यदि इसे नियमित रूप से किया जाए तो विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद होती है। नीलसरस्वती बीज मंत्र * 'ऐं ' * यह बीज मंत्र छोटा है, इसलिए करने में आसान होता है। जिस प्रकार एक छोटा सा बीज अपने आप में संपूर्ण वृक्ष समेटे हुए होता है, ठीक उसी प्रकार यह छोटा सा बीज मंत्र तारा के पूरे स्वरूप को समेटे हुए है। साधना विधि इस मंत्र का जाप नवरात्रि में करना सर्वश्रेष्ठ होता है तथा महाकाल-संहिता के काम-कालाखण्ड में तारा रहस्य वर्णित है, जिसमें तारारात्रि में तारा की उपासना का विशेष महत्व है। चैत शुक्ल नवमी की रात्रि तारारात्रि कहलाती है।

तारा और उग्रतारा, दोनों देवी तारा के ही रूप हैं, जहाँ तारा ज्ञान, मोक्ष और विपत्तियों से बचाने वाली सामान्य, कल्याणकारी शक्ति हैं, वहीं उग्रतारा उनका उग्र, भयंकर और शक्तिशाली स्वरूप है, जो शत्रुओं के नाश, तंत्र-मंत्र सिद्धियों और घोर संकटों से रक्षा के लिए पूजनीय हैं, जो अज्ञान रूपी शव पर विराजमान दिखती हैं और ज्ञान की तलवार से अज्ञान का नाश करती हैं।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर राजीव गांधी स्टडी सर्कल व बियानी गर्ल्स कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

हमारा समाचार

**जयपुर।** राजीव गांधी स्टडी सर्कल, राजस्थान एवं बियानी गर्ल्स कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'युवाओं के चरित्र व राष्ट्र निर्माण में स्वामी विवेकानंद का योगदान' रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्व धर्म चेतना मंच, तिरुपति के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप शर्मा , मुख्य वक्ता के रूप में भारत सेवा संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्याम सुंदर जोशी , विशिष्ट अतिथि विश्व धर्म चेतना मंच के अध्यक्ष संजय शर्मा , गांधी जीवन दर्शन से धर्मवीर कटेवा , कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बी. एम. शर्मा , बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमेन डॉ. राजीव बियानी तथा डीन व प्रिंसिपल डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बियानी कॉलेज के डीन व प्रिंसिपल डॉ ध्यान सिंह गोठवाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया साथ ही उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों से छात्रों को




प्रेरित करते हुए कहा कि युवा वर्ग यदि आत्मविश्वास, चरित्र और राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन का आधार बना ले, तो राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। मुख्य अतिथि दिलीप शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को युवाओं के लिए मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की वास्तविक आधारशिला है। उन्होंने युवाओं से समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता श्याम सुंदर जोशी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद की भांति जीवन में कोई भी कार्य करने से पूर्व यह विचार अवश्य करना चाहिए कि हम उसे क्यों कर रहे हैं और उसका उद्देश्य क्या है। उन्होंने युवाओं को सोच-समझकर लक्ष्य निर्धारण करने और आत्मचिंतन की महत्ता बताई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. बी. एम. शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा भावना ही एक सशक्त राष्ट्र की नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य निर्धारण कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमेन डॉ. राजीव बियानी ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरक कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि, 'जब तक आप स्वयं पर विश्वास नहीं करेंगे, तब तक आप ईश्वर पर भी विश्वास नहीं कर सकते। ' कार्यक्रम का आयोजन डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ

## जोबनेर के कमला देवी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती



हमारा समाचार

**बोराज।** जोबनेर की ढाणी नागान स्थित श्रीमती कमला देवी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया।इस अवसर पर सिमरन शर्मा,खुशबू परिहार,तरुणा शर्मा, किरण,प्रिया,पूजा खद्दा, पूजा कुमावत,रिंकू कुमावत, पिंकी मीणा, ममता कुमावत,पूजा चौधरी,सुनीता रोत,सुमन कुमावत सहित अन्य छात्र अध्यापिकाओं ने विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्श एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से अवगत कराना था ।समस्त कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद के विचारों 'उठो ,जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको 'से प्रेरित रहा ।जिसे छात्राध्यापिकाओं ने जागरूकता रैली के माध्यम से सफल बनाया। इस मौके पर राम मोहन शर्मा, नवल-किशोर शर्मा सहित छात्र छात्राएं ओर स्टाफ मौजूद रहे।

## जयपुर शहर ओबीसी मोर्चा कार्यालय में पतंग महोत्सव 2026 हर्षोल्लास के साथ संपन्न

हमारा समाचार



**जयपुर।** जयपुर शहर ओबीसी मोर्चा कार्यालय, जिला कार्यालय निर्माण नगर में आयोजित पतंग महोत्सव 2026 का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवा, राजनीति एवं संगठन से जुड़े अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हनुमान चालीसा प्रबंधन समिति के संस्थापक महाराज श्री अमरनाथ जी, पूर्व महापौर एवं पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता, जिला प्रमुख राम चोपड़ा, डिप्टी मेयर पुनीत कर्णावत, पूर्व सांसद जयपुर शहर रामचरण बोहरा, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक राजेंद्र शेखावत, प्रोटोकॉल व्यवस्था प्रभारी अटल खंडेलवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राजस्थान चंपालाल गैदर सहित प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारी, पार्षदगण, कार्यकर्ता, समाज बंधु एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान सभी आगंतुकों ने पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति की परंपरा का आनंद लिया। साथ ही लाइव ऑर्केस्ट्रा संगीत एवं आतिशबाजी ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा, जिससे पूरा परिसर उल्लास और उमंग से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के समापन पर जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर चेतन कुमावत ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने में सहयोग देने वालों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जिला प्रभारी मंत्री श्री विजय सिंह 2 दिवसीय जिले के दौरे पर रहेंगे

### रात्रि चौपाल, संवाद कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक में होंगे शामिल

हमारा समाचार



**कोटपूतली-बहरोड़।** राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार विजय सिंह 2 दिवस के जिले के दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार सिंह 12 जनवरी सोमवार को सायं 4 बजे से स्थानीय कार्यकर्त्ताओं से मुलाकात करेंगे साथ ही कोटपुतली के ग्राम बसई में आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में शामिल होकर जनसभा को संबोधित करेंगे तथा 'विकसित भारत-जी-राम-जी' (VBGRAM G) योजनान्तर्गत बढे हुए श्रमिक दिवस व अन्य जनकल्याणकारी प्रावधानों की जानकारी देंगे। कार्यक्रम अनुसार 13 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बजट हेतु सुझाव प्राप्त करने के लिए आयोजित संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे साथ ही दोपहर 12 बजे से जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सड़क, बिजली एवं पानी, पंच गौरव तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे साथ ही पूर्व बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन, स्थानीय स्तर पर जारी होने वाली स्वीकृतियों जैसे डीएमएफटी, स्थानीय विकास योजनाएं आदि के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक करेंगे।

## वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी 15 जनवरी तक क्लेम फॉर्म ऑनलाइन भरें

हमारा समाचार

**टोंक।** जिला मुख्यालय के राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग में आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों कि राज्य बीमा पॉलिसी परिपक्व होने पर राज्य बीमा क्लेम दावों के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय सीमा तय कर दी गई है। राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग के सहायक निदेशक ने बताया कि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 के बीच सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को 1 से 15 जनवरी तक अपने क्लेम फॉर्म ऑनलाइन भरने होंगे। जिन कार्मिकों की जन्मतिथि 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के मध्य है, उनकी पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को परिपक्व हो जाएगी। ऐसे कर्मचारियों को अपने अंतिम बीमा प्रीमियम की कटौती दिसंबर 2025 के वेतन तक ही सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों के मामले में, जिनकी सेवानिवृत्ति आयु 60 से बढ़ाकर 62 या 65 वर्ष की गई है, उनकी पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वतः परिवर्तित मानी जाएगी। यदि कोई कार्मिक पॉलिसी का विस्तार चाहता है, तो उसे 1998 के नियमों के तहत ऑनलाइन विकल्प पत्र भरना होगा। पोर्टलः कार्मिक को अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से न्यू एसआईएफ पोर्टल पर लॉगिन करना होगा, जिसके साथ राज्य बीमा की पासबुक, राज्य बीमा पॉलिसी बॉन्ड (दोनो तरफ से), पदस्थापन्न विवरण के लिए परिशिष्ट-क ऑनलाइन अपलोड करना होगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की अन्य समस्या अथवा अतिरिक्त जानकारी के लिए कार्मिक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, टोंक कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## यूटीआई फ्लैक्सी कैप फंडः दीर्घकालिक निवेश के लिए संतुलित और सस्टेनेबल विकल्प

हमारा समाचार

**नई दिल्ली।** यूटीआई फ्लैक्सी कैप फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी फंड है, जो लार्ज, मिड और स्मॉल कैप कंपनियों में निवेश करता है और 1992 से लगातार मजबूत प्रदर्शन का रिकॉर्ड रखता है। 31 दिसंबर 2025 तक इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट 24,900 करोड़ रुपये से अधिक था। यह फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के उद्देश्य से गुणवत्ता वाले व्यवसायों में निवेश करना चाहते हैं।

**इस फंड की निवेश रणनीति तीन स्तंभों** – गुणवत्ता, वृद्धि और मूल्यांकन – पर आधारित है। फंड ऐसे कारोबारों को प्राथमिकता देता है जिनका ऋश्श्ष्टश्च और ऋश्श्च लगातार मजबूत हो, जिनमें स्थायी वृद्धि की संभावना हो और जिनका मूल्यांकन उचित हो। फंड अल्पकालिक या अत्यधिक चक्रीय कारोबारों से बचता है और दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य सृजन पर ध्यान देता है। फंड की शीर्ष होल्डिंग्स में एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, भारती एयरटेल और एलटीआई माइंडट्री जैसी कंपनियाँ शामिल हैं। यह फंड 5-7 वर्षों के निवेश क्षितिज और मध्यम जोखिम प्रोफाइल वाले निवेशकों के लिए एक उपयुक्त विकल्प हो सकता है।

## अदाणी फाउंडेशन और अंबुजा सीमेंट्स ने गुना में बेहतर क्लासरूम का निर्माण किया

हमारा समाचार

**मध्य प्रदेश।** अंबुजा सीमेंट्स और अदाणी फाउंडेशन ने अपनी सीएसआर पहल के तहत मध्य प्रदेश के गुना जिले के मावन गांव में सरकारी स्कूलों के शैक्षणिक बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों के लिए एक बेहतर, आरामदायक और अनुशासित सीखने का माहौल तैयार करना है। इस कार्यक्रम के तहत गांव के सरकारी हाई स्कूल और सरकारी कन्या शाला में कुल 74 डेस्क और बेंच प्रदान किए गए, जिससे 200 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए। पहले बच्चों को फर्श पर बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती थी, जिससे उनकी एकाग्रता और सीखने की क्षमता प्रभावित होती थी। अब व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था के कारण कक्षाओं में अनुशासन बढ़ा है और छात्रों की पढ़ाई में रुचि भी स्पष्ट रूप से बढ़ी है। शिक्षकों के अनुसार, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से छात्रों की एकाग्रता, सहभागिता और सीखने के परिणामों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और अंबुजा सीमेंट्स की सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## जयपुर गारमेंट क्लब एक्सपो 2026' ने रचा सफलता का नया कीर्तिमान

हमारा समाचार

**जयपुर।** जयपुर गारमेंट क्लब द्वारा आयोजित 'जयपुर गारमेंट क्लब एक्सपो - सीजन 3' का भव्य आयोजन 9 एवं 10 जनवरी 2026 को चंदनवन, जयपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह एक्सपो जयपुर के प्रीमियम वूमेंस गारमेंट निर्माताओं और देश-विदेश से आए प्रतिष्ठित होलसेल व्यापारियों के लिए एक एक्सक्लूसिव मैन्युफैक्चरर टू होलसेलर ट्रेड प्लेटफॉर्म बना। दो दिनों तक चले इस आयोजन में व्यापारिक गतिविधियाँ बेहद उत्साहजनक रहीं और प्रतिभागी निर्माताओं को उत्कृष्ट बिज़नेस रिस्पॉन्स मिला। एक्सपो में कुर्तियाँ, अनारकली सूट्स, रेडीमेड सूट्स, डिजाइनर गाउंस सहित महिला परिधानों की प्रीमियम और ट्रेंडिंग रेंज प्रदर्शित की गई। आगामी सीजन को ध्यान में रखते हुए पेश किए गए डिज़ाइन्स, फैब्रिक्स और एम्ब्रॉयडरी को व्यापारियों ने खूब सराहा और बड़ी संख्या में ऑर्डर बुक किए गए। ऑल इंडिया लेवल की भागीदारी से नेटवर्किंग को मजबूती मिली। साथ ही सुपर लेवल मेहमाननवाज़ी, अवॉर्ड सेरेमनी और म्यूज़िकल नाइट जैसी गतिविधियों ने आयोजन को यादगार बनाया। जयपुर गारमेंट क्लब की अनुभवी टीम के कुशल प्रबंधन से यह तीसरा एडिशन भी सुपर सक्सेसफुल रहा और जयपुर को ऑल इंडिया वूमेंस गारमेंट ट्रेड हब के रूप में और सशक्त पहचान मिली।



## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360' लॉन्च किया

हमारा समाचार

**मुंबई।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू स्मार्टकिड 360' नाम से एक नया दीर्घकालिक बचत और सुरक्षा प्रॉडक्ट लॉन्च किया है, जो माता-पिता को बच्चों के भविष्य के महत्वपूर्ण पड़ावों की वित्तीय योजना बनाने में मदद करता है। इस योजना के तहत ग्राहक नियमित रूप से बचत करते हुए पहले से तय मनीबैक या भुगतान प्राप्त कर सकते हैं, जो बच्चे की स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा या वयस्क जीवन की शुरुआत जैसे लक्ष्यों पर उपलब्ध होते हैं। कंपनी के चीफ प्रॉडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने बताया कि यह प्रॉडक्ट माता-पिता की उस जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें वे बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना चाहते हैं। इसमें इनबिल्ट वेवर ऑफ प्रीमियम और बेनिफिट्स कंटिन्यूटी जैसी सुविधाएँ शामिल हैं, जिससे बीमित व्यक्ति के निधन की स्थिति में भी आगे के प्रीमियम माफ हो जाते हैं और बच्चे के लिए तय लाभ बिना बाधा जारी रहते हैं।

# जीएचआर टैलेंट अवॉर्ड सेमिनार के विजेता प्रतिभागियों का खाजूवाला में भव्य स्वागत

### रैली निकालकर विजेताओं का किया सम्मान, केक काटकर मनाया जश्न

हमारा समाचार







**खाजूवाला** ।खाजूवाला स्थित जाट धर्मशाला में जीएचआर टीम द्वारा आयोजित जीएचआर कंपटीशन टैलेंट अवॉर्ड सेमिनार के सफल आयोजन के बाद सोमवार को विजेता प्रतिभागियों के सम्मान में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली जाट धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए एसबीआई बैंक के सामने पहुंची, जहां बाजार क्षेत्र में जगह-जगह विजेता प्रतिभागियों का पुष्पवर्षा व माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। एसबीआई बैंक के सामने गली में आयोजित स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि खाजूवाला थाना अधिकारी सुरेंद्र प्रजापत रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता जगविंदर सिंह सिद्धू, राकेश कस्वां एवं गुरुद्वारा प्रधान हरपाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष कविता राजपुरोहित, शिशुपाल राजपुरोहित, पंचायत समिति के डायरेक्टर दिलीप जलंधरा एवं नंदलाल निम्बीवाल,संदीप सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। समारोह के दौरान केक काटकर खुशी का इजहार किया गया। अतिथियों व शहरवासियों ने विजेता प्रतिभागियों को फूलों की मालाएं पहनाई तथा पैसों की मालाओं से सम्मानित किया। इस अवसर पर थाना अधिकारी सुरेंद्र प्रजापत ने ब्यूटी पार्लर एवं कौशल विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं भाजपा नेता जगविंदर सिंह सिद्धू ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। उल्लेखनीय है कि जीएचआर टैलेंट अवॉर्ड सेमिनार के दौरान मेकअप एवं मेहंदी से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया, जिसके उपलक्ष्य में यह स्वागत रैली आयोजित की गई। आयोजन को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज सिटी के संरक्षण, संवर्धन, सौंदर्यकरण के लिए धरातल पर मिशन मोड पर करना होगा कामः

### आयुक्त ने शहर को स्वच्छ रखने के लिए आमजन से की अपील

हमारा समाचार

**जयपुर।** यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज सिटी के संरक्षण, संवर्धन, सौंदर्यकरण को बढावा देने के लिये सोमवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, जे.डी.ए. के अधिकारी, पर्यटन विभाग, स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने किशनपोल जोन सहित पर्यटन स्थलों, परकोटे के विभिन्न स्थानों का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त सहित टीम ने 2 घंटे तक पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक सुविधाओं एवं हैरिटेज स्थलों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। अजमेरी गेट के निरीक्षण के दौरान बैरीकेड्स टूटे पाये गये जिन्हें हटाया जाकर हैरिटेज लुक के बैरीकेट्स लगाने के निर्देश दिये गये। दुकानों के बाहर लटके हुए तारों, ऑप्टिकल फाईबर केबल को हटाने हेतु निर्देश दिये गये। हैरिटेज वॉकवे का जायजा लेते हुए इसके मरम्मत, रख-रखाव, सौंदर्यकरण को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि परकोटा जयपुर की पहचान है। यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज को मजबूत बनाकर सांस्कृतिक विरासत को और अधिक निखारने के लिए प्रयास किये जाऐंगें। डॉ. सैनी निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों से संवाद कर उनके सुझाव लिये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने परकोटा क्षेत्र में ओपन डिपो को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर सुव्यवस्थित कचरा प्रबंधन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिये, जिससे वर्ल्ड हैरिटेज सिटी की सुंदरता को और अधिक प्रभावी रूप से बढाया जा सके।

आयुक्त ने सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर एक सफाई कर्मचारी को मौके पर ही निलंबित करने के निर्देश दिये एवं तीन सीएसआई, एसआई चार्जशीट देने के निर्देश दिये। आयुक्त ने किशनपोल बाजार एवं चारदीवारी के बाजारों में जहां भी क्षतिग्रस्त बरामदे हैं उनकी मरम्मत करने के निर्देश दिये। साथ ही बरामदों में उगे पेडों को भी हटाने के निर्देश दिये। महावीर बस्ती पार्क में जिन पेडों की कटिंग नहीं हो रखी है उनकी कटिंग करने, उद्यान का रख-रखाव करने के निर्देश दिये। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित ट्यूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का भी अवलोकन किया। बडी चैपड पर सुलभ शौचालयों का निरीक्षण किया। वहां की सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया। आयुक्त ने मौके पर ही आमजन को यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज सिटी के संरक्षण के लिए जागरूक किया तथा शहर को गंदा करने वाले दोषी व्यक्तियों पर भी चालानी कारवाई करने के निर्देश दिये। पूर्व में आयुक्त द्वारा किये गये निरीक्षण के तहत दुबारा उन्हीं स्थानों का निरीक्षण किया गया जिसमें व्यवस्थाऐं संतोषजनक पाई गई। आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज के संरक्षण, संवर्धन, सौंदर्यकरण के लिये सभी को सामूहिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। अवैध पोस्टर व बैनर लगाकर शहर को गंदा नहीं करें न ही अस्थाई व अवैध अतिक्रमण करें।

## नगर निगम द्वारा नगरीय विकास कर को वसूलने के लिए किये जा रहें हैं लगातार प्रयास

हमारा समाचार

**जयपुर।** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देषानुसार जोन स्तर पर नगरीय विकास कर वसूलने के वृहद प्रयास किये जा रहे हैं। उपायुक्त मुरलीपुरा जोन श्री पवन कुमार शर्मा नेतृत्व में सोमवार को 6 सम्पत्तियों के नगरीय विकास कर बकाया होने पर कुर्की की कारवाई की गई जिसमें से 2 सम्पत्तिधारकों द्वारा मौके पर ही राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में ब्याज पैनल्टी पर देय छूट का लाभ लेते हुए संपत्ति पर बकाया नगरीय विकास कर राशि निगम कोष में जमा करवाई गई। जिसके पश्चात् कुर्क की गई 6 सम्पत्तियों में से 2 सम्पत्तियों को कुर्क मुक्त कर दिया गया। इसी प्रकार आदर्श नगर जोन द्वारा भी 7 सम्पत्तियों पर कुर्की की कारवाई की गई तथा मालवीय नगर जोन द्वारा नगरीय विकास कर के बकाया भुगतान पर करदाताओं से भुगतान की अपील की जा रही है। उपायुक्त मुकुट चैधरी ने बताया कि मालवीय नगर जोन द्वारा नगरीय विकास कर वसूलने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिशः संपर्क करने के बाद भी नगरीय विकास कर जमा नहीं कराने वाले संपत्तिधारकों को नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 130 के तहत मांग नोटिस जारी करने के पश्चात् दस सम्पत्तियों पर कुर्की की कारवाई की गई। सोमवार को राजस्व टीम द्वारा 10 सम्पत्तियों पर कुर्की की कारवाई की गई जिसमें से 4 सम्पत्ति धारकों द्वारा मौके पर ही नगरीय विकास कर जमा करवाया गया।

# भा.वि.प.द्वारा गांवड़ी में जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र किए वितरण

हमारा समाचार





**नीमकाथाना-।** भारत विकास परिषद, नीमकाथाना द्वारा शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए संचालित वस्त्र वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज गांवड़ी क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए गए।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग को सर्दी से राहत प्रदान करना तथा सेवा और संवेदनशीलता की भावना को सुदृढ़ करना रहा। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. जी. एस. तंवर ने कहा कि 'सेवा ही सच्चा धर्म है। जरूरतमंदों की सहायता कर समाज को मजबूत बनाया जा सकता है।' कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए इसे निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में दिनेश गोयल, मनोज कुमार गुप्ता, घनश्याम जी, गांवड़ी के सरपंच शेरसिंह जी, नेकीराम सेन, शंकर सिंह राजस्थानी, छाजूराम मीणा, बिरजू सिंह जी एवं मन्नालाल सेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि परिषद द्वारा विभिन्न सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं।

## लोको पायलट में चयन होने पर संजीवनी छात्रावास ने किया शिक्षक को सम्मानित

हमारा समाचार



**बोराज।** जोबनेर स्थित संजीवनी छात्रावास परिवार ने सोमवार को संजीवनी छात्रावास में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षक का लोको पायलट रेलवे में चयन होने पर सम्मानित किया है। संजीवनी छात्रावास के सीईओ नवरतन कुमावत ने कहा कि हमारे लिए शिक्षक को सम्मानित करना बहुत खास और भावुक पल है। नवरतन कुमावत ने बताया कि शिक्षक, मुकेश कुमावत का लोको पायलेट रेलवे में फाइनल सलेक्शन हुआ है। इस उपलक्ष में उनका संजीवनी छात्रावास में हर्ष उल्लास के साथ समान समारोह आयोजित किया गया । शिक्षक मुकेश कुमावत के जाने से छात्रावास सूना-सूना लगेगा। लेकिन उनका प्यार और सीख हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेगी। छात्रावास संचालक कुमावत ने कहा कि शिक्षक मुकेश कुमार कुमावत ने बच्चों को सिर्फ किताबें ही नहीं पढ़ाई, बल्कि छात्रों को आदर्श जीवन जीना सिखाया। आपकी कक्षाओं में, हमें सिर्फ व्याकरण और साहित्य ही नहीं, बल्कि सच बोलने और सवाल पूछने की हिम्मत भी मिली। उन्होंने हमेशा हमें प्रोत्साहित किया, चाहे हम किसी खेल में अच्छा करें या कविता लिखें। मुकेश कुमावत की मुस्कान और दयालुता ने छात्रावास मे हर दिन को खूबसूरत बना दिया। आप हमारे लिए सिर्फ एक शिक्षक नहीं, बल्कि एक दोस्त और मार्गदर्शक रहे। आपकी मेहनत और समर्पण के लिए हम हमेशा आपके आभारी रहेंगे। आज जब आप अपने जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं, तो हम कामना करते हैं कि आपका आने वाला जीवन खुशियों, अच्छे स्वास्थ्य और नई उपलब्धियों से भरा हो। हम वादा करते हैं कि आप जो भी सिखा गए, उन मूल्यों को हम हमेशा याद रखेंगे और अपने जीवन में अपनाएंगे। आपको बहुत याद करेंगे, इसी सामान समारोह कार्यक्रम में निर्देशक नवरतन कुमावत, ग्राम विकास अधिकारी रवि मीणा शिक्षक भगवान सिंह बारेठ मौजूद रहे।

# युवा चरित्रवान एवं राष्ट्रप्रेमी बनें – डॉ. तंवर

### एनीमिया मुक्ति के लिए दवाओं का किया वितरणट्ट

हमारा समाचार



**नीमकाथाना।** -गांवड़ी में भारत विकास परिषद, नीमकाथाना द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गांवड़ी में एनीमिया से ग्रसित विद्यार्थियों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में परिषद की ओर से सहभागिता की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. जी. एस. तंवर ने एनीमिया, हृदय रोग सहित विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक रोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। डॉ तंवर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, किंतु आज का एक बड़ा वर्ग नशे, गलत संगत तथा बिना परिश्रम धन कमाने की प्रवृत्ति की ओर बढ़ रहा है, जो समाज एवं राष्ट्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। डॉ. तंवर ने युवाओं से नशे से दूर रहने, सशक्त चरित्र निर्माण करने, माता-बहनों का सम्मान करने तथा राष्ट्र सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दानाराम सैनी ने भारत विकास परिषद के इस सामाजिक एवं शैक्षिक प्रयास की सराहना करते हुए सभी अतिथियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. तंवर, महासचिव दिनेश गोयल, गौशाला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल, गोविंद सिंह सहित विद्यालय स्टाफ व अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई।

## शिक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डॉ. संजय बियानी 'समाज गौरव सम्मान' से सम्मानित* माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन 2026 में राज्यपाल एवं सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने किया अलंकरण

हमारा समाचार



**जोधपुर।** माहेश्वरी समाज द्वारा तीन दिवसीय वैश्विक महाकुंभ 'माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन (MGC-2026) पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर स्थित मारवाड़ कन्वेंशन सेंटर में भव्य रूप से आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में भारत सहित विश्व के 27 देशों से लगभग 40 हजार माहेश्वरी समाजबंधुओं ने सहभागिता की। इस सम्मेलन का उद्देश्य माहेश्वरी समाज को वैदिक भारत से वैश्विक भारत की यात्रा में संगठित भूमिका निभाने के लिए एकजुट करना और विजन 2047 को साकार करने हेतु परंपरा, उद्यमशीलता, रोजगार सृजन तथा सामाजिक मूल्यों को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के न्यायाधीश जे.के. माहेश्वरी , दिनेश माहेश्वरी तथा मारवाड़ के पूर्व महाराजा गज सिंह उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा एवं जोधपुर माहेश्वरी सभा के मंत्री नंदकिशोर शाह एंव अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के केंद्रीय मंत्री अजय काबरा ने सभी अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। माहेश्वरी ग्लोबल कन्वेंशन के अंतर्गत आयोजित अलंकरण समारोह में राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जे.के. माहेश्वरी एवं न्यायाधीश दिनेश माहेश्वरी द्वारा बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी को शिक्षा एवं तकनीकी क्षेत्र में विशिष्ट एवं अद्वितीय योगदान के लिए 'समाज गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को भी सम्मानित किया गया तथा सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक एकता, शिक्षा, संस्कृति एवं वैश्विक सहयोग का संदेश दिया गया।

# राजस्थान में पुरुष आयोग गठन को लेकर आंदोलन

हमारा समाचार



**बोराज।**पुरुष आयोग गठन की मांग को लेकर कांग्रेस ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष नानुराम कुमावत के सानिध्य व अजमेर जिला अध्यक्ष कपिल सोनी एवं जयपुर जिला अध्यक्ष अक्षय सक्सेना की अध्यक्षता में अजमेर में पुरुष आयोग को लेकर बड़ा आंदोलन किया गया। इस आंदोलन के माध्यम से सरकार को चेतावनी दी गई की जल्दी ही पुरुषों के हित में पुरुष आयोग का गठन किया जाए। ताकि वर्तमान समय में पुरुषों को भी अत्याचार से बचाया जा सके। नानुराम कुमावत ने कहा कि आज लगातार झूठे केस मुकदमे दहेज प्रताड़ना मेंटेनेंस एल्यूमिनी आदि के नाम पर पुरुषों से अत्याचार हो रहा है। देश में कई परिवार झूठे मुकदमों से बर्बाद हो रहे हैं।कई लोग आत्महत्या तक कर लेते हैं।इन्हें रोकने के लिए सरकार को महिला एक पक्षीय कानून में बदलाव करके कानून को न्याय संगत बनाना चाहिए। ताकि पुरुषों पर लगे झूठे मुकदमो से राहत मिल सके। कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज पंत के नेतृत्व में यह आंदोलन देश के कोने-कोने में किया जाएगा। ताकि किसी भी पुरुष भाई के साथ अन्याय नहीं हो ।इस आंदोलन को अजमेर में बहुत ही सहयोग मिला है।आंदोलन में सक्रिय रूप से ओमप्रकाश, आकाश ,संजय, प्रदीप एवं अन्य लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया ।कपिल सोनी एवं अक्षय सक्सेना ने संयुक्त रूप से बताया कि हम पीड़ित पुरुष के साथ सदैव कंधे से कंधे मिलाकर खड़े हैं किसी भी पुरुष भाई के साथ अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा ।प्रदेश अध्यक्ष नानुराम कुमावत ने कोर्ट एवं सरकार की नीतियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि पुरुषों को भी समाज में न्याय मिलनी चाहिए। और उनके साथ किसी भी प्रकार के अत्याचार को सहन नहीं किया जाएगा। जल्दी ही जयपुर में बड़ा आंदोलन भी किया जाएगा।

# मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

हमारा समाचार





**नई दिल्ली।** मारवाड़ी यूनिवर्सिटी में गुजरात सरकार द्वारा आयोजित वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस का पहला दिन शुरू हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 नए स्मार्ट औद्योगिक एस्टेट और एक मेडिकल डिवाइस पार्क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स ही भारत की असली ताकत है और गुजरात में शिक्षा व कौशल विकास का मजबूत इकोसिस्टम निवेशकों के लिए भरोसेमंद आधार है। मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने क्षेत्रीय सशक्तिकरण को देश के व्यापक विकास का प्रमुख स्तंभ बताया। सम्मेलन के दौरान अडानी समूह ने अगले पांच वर्षों में कच्छ में रू1.5 लाख करोड़ और रिलायंस ने रू7 लाख करोड़ के निवेश की घोषणा की। मारवाड़ी यूनिवर्सिटी के प्रेजिडेंट केतन मारवाड़ी ने इसे गर्व का विषय बताते हुए कहा कि शिक्षा और उद्योग के समन्वय से क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। वहीं वाइस चेयरमैन जीतूभाई चंदराना ने इसे निवेश-आधारित विकास और रोजगार सृजन का मजबूत मंच बताया।

## सम्पादकीय

"मानवता सुख शांति प्रेम का, अखिल विश्व में हो
विस्तारस्वतंत्रता का हनन न होवे, रहे सुरक्षित जन अधिकार"

## भारतीय रेलवे: किराया बढ़ा, शिकायतें भी बढ़ीं

भारत में रेल सेवा आर्थिक विकास के साथ-साथ आम लोगों के सफर को आसान और सुगम बनाने की जीवन रेखा मानी जाती है। लंबी यात्रा के लिए रेलगाड़ियां ही एकमात्र किफायती साधन हैं। देश में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर एक तरफ सरकार की ओर से नई-नई घोषणाएं और दावे किए जाते हैं, तो दूसरी ओर रेलगाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव जस का तस बना हुआ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था न होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। रेल मदद पोर्टल पर दर्ज इस तरह की शिकायतों में सितंबर 2025 की तुलना में अक्तूबर और नवंबर में लगभग पचास फीसद की वृद्धि देखी गई है। इससे स्पष्ट है कि व्यवस्थागत खामियों और सरकारी अमले में विभिन्न स्तर पर लापरवाही की वजह से यात्रियों को सफर के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल किराए में सरकार जब चाहे बढ़ोतरी कर देती है। सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है। गौरतलब है कि कैग की वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की एक रपट में भी लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाए गए थे। इसमें कहा गया था कि इस व्यवस्थागत खामी के लिए संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। इसके अलावा साफ-सफाई से जुड़े रेल कर्मियों का अभाव और इस कार्य के लिए साजो-सामन की कमी की ओर भी इशारा किया गया था। हालांकि रेलवे ने कुछ खास स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के शौचालय, दरवाजे और कुछ अन्य हिस्सों की सफाई मशीनों से करने की योजना लागू की है, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षाजनक सुधार नजर नहीं आता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, रेल मदद पोर्टल पर सितंबर 2025 में चादर और कंबल से संबंधित 8,758 शिकायतें मिली थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 13,406 और नवंबर में 13,196 हो गईं। इसी तरह डिब्बों की स्वच्छता से जुड़ी शिकायतें सितंबर 2025 में 24,758 थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 33,804 और नवंबर में 36,673 हो गईं। हाल में सरकार ने लंबी दूरी की रेल सेवाओं का किराया बढ़ाने की घोषणा की थी। हालांकि यह वृद्धि देखने में मामूली लगती है, लेकिन देश भर में प्रतिदिन रेल में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या की लिहाज से देखें, तो सरकार को हर साल इससे करोड़ों रुपए की कमाई होगी। ऐसे में सवाल है कि क्या सरकार का लक्ष्य सिर्फ राजस्व अर्जित करना ही है? अगर ऐसा नहीं है, तो यात्रियों की सुविधाओं पर ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है। रेल मदद पोर्टल पर बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर मंत्रालय ने हाल में सभी मंडलों के अधिकारियों को पत्र भेज कर व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन इन निर्देशों पर कड़ाई से अमल होगा या फिर महज खानापूर्ति का ही प्रयास किया जाएगा, इसको लेकर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। यह सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि जब तक रेलगाड़ियों में साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं को लेकर व्यापक निगरानी तंत्र विकसित नहीं किया जाएगा, तब तक समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद करना व्यर्थ है।

> "
> सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है।

## दुनिया के लिए अमेरिका के दोहरे मापदंड

**वेनेजुएला ने तो पिछले सप्ताह अमेरिका के साथ समझौते पर बातचीत के लिए हामी भी भर दी थी। फिर क्या वजह रही कि अमेरिका ने वार्ता के बजाय हमले को चुना, इस कार्रवाई पर सवाल उठना स्वाभाविक है।**

अमेरिका और वेनेजुएला के बीच पिछले कुछ समय से बने तनाव का नतीजा अब भयावह रूप में सामने आ रहा है। वेनेजुएला की राजधानी काराकस शुक्रवार देर रात अमेरिका के हवाई हमलों से दहल उठी। इस अभियान के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लेकर देश से बाहर भेज दिया गया है। इस हमले की वजह मादक पदार्थों की तस्करी बताई जा रही है। अमेरिका का आरोप है कि वेनेजुएला नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकवाद को सीमा पार बढ़ावा दे रहा है। मगर सवाल है कि क्या कोई शक्तिशाली देश इस तरह की समस्या से निपटने के लिए किसी छोटे और कमजोर राष्ट्र पर हमला कर सकता है? वह भी अमेरिका जैसा देश, जहां के राष्ट्रपति दुनिया के विभिन्न देशों के बीच युद्ध रुकवाने का दावा करते नहीं थकते हैं और खुद को शांति के नोबेल पुरस्कार का दावेदार घोषित कर चुके हों! ऐसे में अमेरिका की इस कार्रवाई को दोहरा मानदंड नहीं, तो और क्या कहा जाएगा। जनसत्ता संपादकीय- रेल में सोने की लूट और जांच का धोखा; जिसे यात्रियों की सुरक्षा सौंपी गई थी वही अपराधी निकला दरअसल, अमेरिका का दावा है कि वेनेजुएला को कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ। यहां इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि अमेरिका ने वर्षों पहले इराक पर यह आरोप लगाकर हमला किया था कि वहां रासायनिक हथियारों का जखीरा मौजूद है। मगर इसका कोई स्टीक प्रमाण आज तक सामने नहीं आया है। जहां तक वेनेजुएला से अमेरिका में नशीले पदार्थों की तस्करी की बात है, तो इस मसले को द्विपक्षीय बातचीत या फिर अंतरराष्ट्रीय अदालत के जरिए सुलझाया जा सकता है। वेनेजुएला ने तो पिछले सप्ताह अमेरिका के साथ समझौते पर बातचीत के लिए हामी भी भर दी थी। फिर क्या वजह रही कि अमेरिका ने वार्ता के बजाय हमले को चुना, इस कार्रवाई पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कुछ लोग अमेरिका के इस हमले को वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन के इरादे से जोड़कर भी देख रहे हैं।

# पाकिस्तान के रास्ते जाता बांग्लादेश

**दिव्य कुमार सोती**

बांग्लादेश के हालात बिगड़ने के साथ यह भी दिख रहा है कि वहां की अंतरिम सरकार भारत से संबंध सुधारने के बजाय बिगाड़ने पर अमादा है। उसे न तो अपने यहां के हिंदुओं की हत्याओं की कोई परवाह है और न ही भारत विरोधी तत्वों के बेलगाम होते जाने की। वह इन तत्वों पर लगाम लगाने के बजाय उन्हें शह ही अधिक दे रही है। अपने यहां भारत विरोधी माहौल बनाने के लिए बांग्लादेश एक ओर जहां अपनी क्रिकेट टीम को भारत में आयोजित होने वाले टी-20 विश्व कप में भेजने में आनाकानी कर रहा है, वहीं पाकिस्तान से अपने संबंध प्रगाढ़ कर रहा है। बांग्लादेश में जो हालात हैं, वे हमारी भूलों की भी देन हैं। ऐसी ही भूल हमने कश्मीर को हड़पने की कोशिश करने वाले पाकिस्तान के मामले में भी की थी। कश्मीर को महज एक राजनीतिक समस्या मानकर हम वहां राजनीतिक समाधान तलाशते रहे। इसके परिणाम क्या रहे, उससे सभी परिचित हैं। हमने कोई सबक नहीं सीखा और 1971 में पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लाभाषी मुसलमानों और हिंदू अल्पसंख्यकों का पाकिस्तानी फौज द्वारा किए जा रहे नरसंहार को रोकने और बांग्लादेश को मुक्त कराने के लिए भारत ने पाकिस्तानी सेना से युद्ध लड़ा। जिस समय भारत बांग्लादेश के मुक्ति युद्ध में कूदा, उस समय तक पाकिस्तान की फौज 25 लाख बांग्लाभाषी मुसलमानों और हिंदुओं का नरसंहार कर चुकी थी और लाखों महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो चुका था। पाकिस्तान की फौज बंगाली मुसलमानों की नस्ल बदलने के लिए रेप कैंप संचालित कर रही थी। इन कैंपों में जन्मे हजारों बच्चों के पुनर्वास के लिए बाद में बांग्लादेश की सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दत्तक ग्रहण कार्यक्रम चलाना पड़ा। लगभग 4000 भारतीय सैनिकों के बलिदान के बाद ये पाशविक अत्याचार बंद हुए और बांग्लादेश का निर्माण हुआ, परंतु हमने न तो इन अत्याचारों के अपराधी एक भी पाकिस्तानी सैनिक या सैन्य अधिकारियों को सजा दी और न ही इन जनसंहारों और अत्याचारों में पाकिस्तानी फौज का साथ देने वाले स्थानीय जमाती रजाकारों को ही मिटा डालने के लिए कुछ किया। भारत ने सोचा कि बांग्लादेश के मुसलमान पाकिस्तानी फौज और जमातियों के इन भयावह अत्याचारों को झेलने के बाद अब कभी भी इस्लामिक कट्टरपंथ के रास्ते नहीं चलेंगे और न ही पाकिस्तान से हाथ मिलाने की कभी सोचेंगे। इसी गलत आकलन के आधार पर बंगाली मुसलमानों के लिए तो भारत ने पूरा नया देश बनाकर दे दिया, परंतु वहां रह रहे हिंदुओं और बौद्धों को एक बार फिर से वहां के मुस्लिम समाज के भरोसे छोड़ दिया। भारत में नीति-निर्माता भूल गए कि 1946 में बंगाली मुसलमानों ने मुस्लिम लीग का साथ देते हुए जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन में सबसे अग्रणी भूमिका निभाई थी और नोआखाली में हिंदुओं के नरसंहार को अंजाम दिया था। बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले अधिकतर नेता और सैन्य अधिकारी मुस्लिम लीग और पाकिस्तानी फौज में रह चुके थे। भारत ने पाकिस्तान से अलग होकर बने नए देश बांग्लादेश के नेताओं और सेना पर इतना भरोसा किया कि चटगांव हिल ट्रैक्ट्स जैसे सामरिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भी बांग्लादेश के कब्जे में ही छोड़ दिया, जबकि 1947 के बंटवारे में चटगांव हिल ट्रैक्ट्स भारत के हिस्से में आने चाहिए थे, क्योंकि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के अंतर्गत बंगाल का बंटवारा हुआ था और चटगांव हिल ट्रैक्ट्स उस समय बंगाल का भाग नहीं था। न ही वह मुस्लिम बहुल था, जो पाकिस्तान को दिया जाता। यही कारण था कि वहां की जनता को लगा था कि उनका भारत का भाग बनना निश्चित है और 15 अगस्त, 1947 को वहां तिरंगा लहराया भी गया था, परंतु बंगाल बाउंड्री कमीशन ने अप्रत्याशित रूप में 17 अगस्त, 1947 को चटगांव हिल ट्रैक्ट्स को पाकिस्तान को दे दिया और पाकिस्तान की फौज ने वहां से तिरंगा उतारा।1971 की जीत के बाद भारत चटगांव हिल ट्रैक्ट्स वापस ले सकता था, परंतु ऐसा नहीं किया गया, क्योंकि हम यह दिखाना चाहते थे कि हमने तो सिर्फ मानवता के आधार पर बांग्लादेश की सहायता की है, जबकि चटगांव और त्रिपुरा के बीच में मात्र 28 किमी लंबी पट्टी है, जिस पर भारत का अधिकार होने पर भारत के उत्तर पूर्व को समुद्री तट प्राप्त हो सकता था और वहां का आर्थिक विकास हो सकता था। इसके अलावा चीन और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी में पैर जमाने से रोका जा सकता था और लाखों बौद्धों एवं हिंदुओं की रक्षा हो सकती थी। आज बांग्लादेश में जो हालात हैं, उससे यह स्पष्ट है कि इस्लामिक कट्टरपंथ और भारत के प्रति घृणा वहां के समाज पर अब उसी तरह हावी है, जैसे पाकिस्तान पर हावी है। वह भारत के एहसान और बलिदान, दोनों को ही भूल चुका है। इसलिए भारत में नीति-निर्माताओं को आज के बांग्लादेश संकट को पूर्व में शेख मुजीब और जियाउर रहमान की हत्याओं से उपजे राजनीतिक संकटों की तरह समझना बंद कर देना चाहिए। वे हिंसा के बावजूद अंततोगत्वा राजनीतिक संकट थे, परंतु इस बार ऐसा नहीं है। बांग्लादेश के समाज का बड़े पैमाने पर जिहादीकरण हुआ है और यदि हमने इस तथ्य की अनदेखी कर उसे राजनीतिक समस्या समझकर उससे निपटने की कोशिश की तो हम वैसे ही पछताएंगे, जैसे कश्मीर के मामले में पछताते आए हैं। हम बांग्लादेश में चाहे जिस पार्टी का समर्थन करें, वहां के गली-मोहल्लों में कट्टरपंथी जमाती हावी रहने वाले हैं और चाहे किसी भी पार्टी की सरकार वहां आए, वह उनके सामने मजबूर रहने वाली है। इसके चलते भविष्य में बांग्लादेश के हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के समक्ष खतरा बढ़ जाए तो हैरानी नहीं। इस खतरे को देखते हुए हमें वहां अपनी सीमा के निकट और अपनी पहुंच के अंदर के हिंदू और बौद्ध परिक्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। हमें इजरायल से सीखना चाहिए, जो हर सैन्य जीत या संकट के बाद अपने भूभाग का विस्तार करता है, ताकि वह यहूदियों के लिए नए परिक्षेत्र बसा सके और अपने सामरिक प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर सके।



> "
> बांग्लादेश के हालात बिगड़ने के साथ यह भी दिख रहा है कि वहां की अंतरिम सरकार भारत से संबंध सुधारने के बजाय बिगाड़ने पर अमादा है। उसे न तो अपने यहां के हिंदुओं की हत्याओं की कोई परवाह है और न ही भारत विरोधी तत्वों के बेलगाम होते जाने की। वह इन तत्वों पर लगाम लगाने के बजाय उन्हें शह ही अधिक दे रही है।

# देश के हर शहर में भागीरथपुरा मौजूद

**शरद दाधीच**
**वरिष्ठ पत्रकार**

**इंदौर** में दूषित पेयजल की आपूर्ति से कई लोगों की मौत की खबर हमारी नगर-योजना ही नहीं, हमारी व्यवस्था की विषमता पर भी एक त्रासद टिप्पणी की तरह आई है। इंदौर पिछले कई वर्षों से हिंदुस्तान में स्वच्छता के शिखर की तरह पेश किया जाता रहा है। इतने स्वच्छ शहर में ऐसा गंदा पानी कहां से चला आया, जिसे पीकर लोग बीमार पड़ गए और चल बसे ? क्या स्वच्छता सर्वेक्षण में गड़बड़ी हुई है?

निश्चय ही यह कहना इंदौर के साथ अन्याय होगा। इंदौर अगर शिखर पर है तो अपने साफ-सुथरे होने की वजह से ही है। लेकिन अगर इंदौर में जानलेवा पेयजल की आपूर्ति को व्यवस्था की चूक का इकलौता मामला मान लेंगे तो उस बड़ी सच्चाई को अनदेखा करेंगे, जो हमारे शहरों और हमारी पूरी नगर-योजना पर भारी पड़ती है। बीते दस साल से हिंदुस्तान में स्मार्ट सिटी मिशन जारी है। देश के सौ शहरों को इस मिशन के तहत चुना गया है। वहां अरबों रुपए खर्च हो चुके हैं। लेकिन इन तमाम शहरों में अब तक खुदी हुई सड़कें, अधूरी पड़ी सीवर लाइनें, अधबने पुल ही दिखाई पड़ते हैं। यह पता चलता है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर हमने अधकचरे ढंग से अपने शहरों को एक बेडौल कोलाज में बदल डाला है, जिसके कुछ हिस्से बेहद चमकते हुए हैं और कुछ बेहद अंधेरे और गंदगी में डूबे हुए।

दरअसल हमारे शहरों को नगर योजना नहीं, हमारी सामाजिक-आर्थिक विषमता बरबाद कर रही है। ध्यान से देखें तो इन शहरों को हमारे सबसे गरीब लोग संभाले रखते हैं, साफ-सुथरा बनाते हैं। गांव-देहातों और दूरस्थ करबों से आए ये लोग इन शहरों के सबसे जरूरी काम सबसे सस्ती दरों पर निबटाते हैं। वे हमारी गाड़ियां साफ करते हैं, हमारा कचरा उठाते हैं, हमारे कपड़ों में इस्त्री करते हैं, उनकी पत्नियां हमारे घरों में बाइयों की तरह काम करती हैं वे न हों तो ये शहर रहने लायक न बचें। और ये लोग रहते कहां हैं? इन्हीं खाते-पीते मोहल्लों, सोसायटियों के पीछे की किन्हीं गंदी-अंधेरी गलियों में।

बहुत से लोग ऐसे भी होते हैं, जो शहर के ही बाशिंदे होते हैं, लेकिन तरक्की की रफ्तार में पीछे छूट जाते हैं। वे पुराने मोहल्लों की तंग गलियों में अपने पुश्तैनी घरों में ठूंसे होते हैं और किराने की छोटी दुकानें चलाने से लेकर तमाम भव्य दुकानों में कर्मचारियों की तरह काम करते हैं। इनके साथ भी शहर सौतेला व्यवहार करता है।

तो हर शहर में कम से कम दो शहर होते हैं- एक वह जो स्वच्छता सर्वेक्षण में शामिल होता है और दूसरा वह जो इस साफ-सुथरे शहर को कुछ और चमकाने के काम में जुता रहता है- भले ही किसी संकट में मसलन कोविड में उसे उन्हीं शहरों को छोड़कर जाना पड़े, जिन्हें उसने अपने खून और पसीने से बसाया है।

इस विषयांतर को छोड़ें। असली बात यह है कि इंदौर में ही नहीं, हिंदुस्तान के सारे शहरों में ऐसे अनेक भागीरथपुरा हैं, जिनकी कोई परवाह नहीं करता उनके लोगों की शिकायतों की ओर ध्यान नहीं देता- जब तक वे अस्पताल नहीं पहुंच जाते। शहरों के भीतर छुपे ये शहर भारत के भीतर छुपा एक भारत बनाते हैं- अंधेरे में डूबा और गंदगी में बजबजाता भारत। इस भारत की ओर देखने की फुरसत किसी को नहीं है।

फिर इस भारत में वे गांव भी चले आते हैं, जो उपेक्षा का अलग तरह का आईना है। फिर दो शहरों या दो मुल्कों का यह फासला सिर्फ आर्थिक नहीं रह जाता इसके सामाजिक आयाम भी होते हैं। देश के दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और बहुत सारे पिछड़े माने जाने वाले समुदाय इस दूसरे भारत में बसते हैं। क्या यह एक तरह का नस्ली परायापन नहीं है, जिसके शिकार लोग एक दिन अपने पानी से बदबू आने की शिकायत करते हैं और फिर कुछ दिन बाद मर जाते हैं? इनको लेकर सवाल करने पर मंत्री अपशब्द कहने लगते हैं। यह नजरिया भी बताता है कि हम किसकी कितनी परवाह करते हैं।



> "
> देश के दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और बहुत सारे पिछड़े माने जाने वाले समुदाय इस दूसरे भारत में बसते हैं। क्या यह एक तरह का नस्ली परायापन नहीं है, जिसके शिकार लोग एक दिन अपने पानी से बदबू आने की शिकायत करते हैं और फिर कुछ दिन बाद मर जाते हैं? इनको लेकर सवाल करने पर मंत्री अपशब्द कहने लगते हैं। यह नजरिया भी बताता है कि हम किसकी कितनी परवाह करते हैं।

# निर्धन तबके के लोगों को रोजगार देने की कवायद

**ग्रामीण** विकास मंत्रालय के आंतरिक आडिट के चलते मनरेगा में भ्रष्टाचार के जैसे मामले सामने आए, वे चौंकाने वाले हैं। चालू वित्त वर्ष में देश के केवल 55 जिलों में कराए गए ऑडिट में वित्तीय गड़बड़ी के 11 लाख से ज्यादा मामले पकड़े गए, जिनमें 300 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी हुई। कोई भी अनुमान लगा सकता है कि जब केवल 55 जिलों में आठ माह में मनरेगा के तहत कराए गए कामों में इतनी गड़बड़ी देखने को मिली तो देश भर के सात सौ से अधिक जिलों में क्या स्थिति होगी? साफ है कि निर्धन तबके के लोगों को रोजगार देने के नाम पर लूट हो रही थी और कोई उसे रोकने वाला नहीं था। जिस तरह यह सामने आया कि जन कल्याण के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार में ठेकेदार, अधिकारी से लेकर बैंक मैनेजर तक शामिल थे, उससे यही स्पष्ट होता है कि सरकारी धन के बंदरबाट का एक तंत्र विकसित हो गया था। हालांकि रह-रहकर ऐसे सवाल उठते थे कि आखिर मरनेगा के तहत बुनियादी विकास के कितने ठोस काम हो रहे हैं, लेकिन उन पर कभी ध्यान नहीं दिया गया? इसी तरह इस सवाल का भी जवाब नहीं दिया गया कि रोजगार के नाम पर कब तक गड्ढे खोदे और भरे जाते रहेंगे? ऐसे सवालों के जवाब मांगने वालों को प्रायः यह सुनने को मिलता था कि उन्हें गरीबों के उत्थान की योजना रास नहीं आ रही है। कई बार तो मनरेगा में किसी तरह के बदलाव के सुझाव को इसलिए अनदेखा कर दिया जाता था कि इस योजना में महात्मा गांधी का नाम जुड़ा था।



> ग्रामीण विकास मंत्रालय के आंतरिक ऑडिट में मनरेगा में बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। चालू वित्त वर्ष में 55 जिलों में 11 लाख से अधिक वित्तीय गड़बड़ियाँ पकड़ी गईं, जिनमें 300 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी शामिल है। यह दर्शाता है कि गरीबों को रोजगार देने के नाम पर बड़े पैमाने पर लूट हो रही थी, जिसमें ठेकेदार, अधिकारी और बैंक मैनेजर तक शामिल थे। केंद्र सरकार के नए स्वरूप में पारदर्शिता पर जोर है, लेकिन राज्यों को भी गंभीरता दिखानी होगी।

अभी हाल में जब मोदी सरकार ने इस योजना के नाम के साथ उसके रूप-स्वरूप में भी बदलाव किया तो विरोध में यह भी कहा गया कि इस सरकार को गांधी जी के नाम से बैर है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने सबसे अधिक विरोध किया, लेकिन उनके पास भ्रष्टाचार संबंधी सवालों का कोई जवाब नहीं था।कहीं ऐसा तो नहीं कि राज्य सरकारें मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार की इसलिए अनदेखी कर रही थीं कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार का अंशदान 90 प्रतिशत था? सच जो भी हो, इसकी अनदेखी न की जाए कि आम तौर पर राज्य सरकारें उन योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता नहीं दिखातीं, जिनका पैसा केंद्र से मिलता है। ऐसी योजनाएं भ्रष्टाचार का भी शिकार अधिक होती हैं। अपने देश में विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत कागजों पर काम दिखाकर उसका पैसा हड़प लेना एक पुरानी बीमारी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस बीमारी से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। यह ठीक है कि मनरेगा के नए स्वरूप वीबी-जीरामजी के तहत केंद्र सरकार ने भुगतान में पारदर्शिता के साथ ठोस बुनियादी कामों पर जोर दिया है, लेकिन उसके साथ राज्यों को भी सुनिश्चित करना होगा कि वास्तव में ऐसा ही हो।

## ईरान-इजरायल युद्ध पर सीजफायर

**पवन कुमार गुर्जर**

मध्य पूर्व लंबे समय से राजनीतिक और सैन्य संघर्षों का केंद्र रहा है। ईरान और इज़रायल के बीच चल रहे युद्ध ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चिंता में डाल दिया था। लेकिन अब जब दोनों देशों के बीच सीजफायर यानी युद्धविराम की घोषणा कर दी है, अमेरिका, यूरोपीय संघ, भारत और अन्य देशों ने सीज़फायर का स्वागत किया है और इसे क्षेत्रीय स्थिरता की दिशा में पहला कदम बताया है। वहीं, दोनों देशों की आम जनता ने भी राहत की सांस है। औद्योगिक, व्यावसायिक और वाणिज्यिक सहकारी समितियों ने फिर से काम करना शुरू कर दिया है।ईरान-इज़राइल युद्ध भले ही अस्थायी हो, लेकिन यह इस बात का प्रमाण है कि बातचीत और अन्वेषण के माध्यम से सबसे जटिल भी बातचीत हो सकती है। अब समय आ गया है कि दोनों देश अपने-अपने देशों को समुद्री रास्ते से वापस लाने के लिए गंभीर प्रयास करें। शांति केवल हितों की रक्षा से नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा के निर्माण से आती है। वैसे ईरान और इज़रायल के बीच दुश्मनी कोई नई बात नहीं है। यह राजनीतिक, धार्मिक और क्षेत्रीय हितों का टकराव है। युद्ध तब भड़का जब इज़रायल ने एक ईरानी सैन्य टुकड़ी पर हवाई हमला किया। जिसके जवाब में ईरान ने मिसाइलें दागीं। इसके बाद कई दिनों तक दोनों देशों के बीच भारी गोलीबारी और हवाई हमले हुए।

## सौ साल जीना असंभव नहीं

**मैरी** पॉपिंस जैसी क्लासिक फिल्मों के सिंगिंग, डांसिंग स्टार डिक वैन डाइक (जो खुद सौ वर्ष के हो चुके हैं) ने अपनी नई किताब 100 रूल्स फॉर लिविंग टू 100- एन ऑप्टिमिस्ट्स गाइड टू ए हैप्पी लाइफ में इसके बारे में काफी विस्तार से बताया है। आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक क्षमता कमजोर होने लगती है, लेकिन अगर आप खुद को वृद्ध न मानें और हमेशा सक्रिय व उत्साही बने रहें, तो लंबी और खुशहाल जिंदगी पाना बिल्कुल भी असंभव नहीं है। नियमित व्यायाम से आपकी लंबी उम्र की संभावना बढ़ जाती है।अगर आप हर रोज जिम नहीं जा सकते, तो हफ्ते में कम से कम तीन दिन जिम जाएं और वहां सर्किट ट्रेनिंग (कम से कम आराम के साथ कई तरह के व्यायाम) करें। हो सकता है कि जिम जाने के लिए आपको अतिरिक्त प्रेरणा की जरूरत हो, तो आप खुद से वादा करें कि इनाम के तौर पर आप एक झपकी ले सकते हैं। जिस दिन जिम नहीं जाना हो, उस दिन घर में योग और स्ट्रेचिंग कर लें। लंबी उम्र पाने के लिए गंभीर होने से बचने की कोशिश करें और बच्चों जैसी चंचलता अपनाएं, इससे आपके भीतर जिंदादिली बनी रहेगी। चंचलता आपको मजा देती है और आजादी का एहसास कराती है, चाहे आप शारीरिक रूप से कैसा भी महसूस करें। यही नहीं, इससे तनाव कम होता है और सेहत अच्छी रहती है। चाहें, तो आप पालतू जानवर पाल लें, वे आपका हौसला बढ़ा सकते हैं। माना जाता है कि गुनगुनाने से मानसिक स्वास्थ्य बढ़िया रहता है। अपना पसंदीदा गाना गाकर भी आप अपनी जिंदगी के तनाव को दूर कर सकते हैं। इसके अलावा, नए अनुभवों के लिए खुद को तैयार रखना दिमागी स्वास्थ्य और भावनात्मक बेहतरी के लिए अच्छा हो सकता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, आपको वास्तव में नए विचारों के लिए अपना दिमाग खुला रखना चाहिए।

# बीकानेर में अधिकारी पर तलवार से हमला करने वाला गिरफ्तार

## अवैध कनेक्शन काटने गए थे, कोर्ट ने जमानत खारिज कर भेजा जेल

**बीकानेर।** बिजली का अवैध कनेक्शन काटने गए बिजली कम्पनी बीकेईएसएल के अधिकारी पर तलवार से हमला करने वाले दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार किया। बाद में अदालत ने दोनों की ज़मानत याचिका ख़ारिज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को 7 जनवरी को गिरफ्तार अगले दिन अदालत में पेश किया। एसीजेएम कोर्ट ने दोनों आरोपियों की जमानत याचिका ख़ारिज करते हुए आरोपी अकबर और सिंकदर को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।




पुलिस ने दोनों को आज अदालत में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 22 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। कंपनी की ओर से एडवोकेट तेज करण सिंह ने जमानत याचिका खारिज करने व आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजने की माँग की।

### अवैध हुकिंग हटाने पर किया हमला

पुलिस में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बीकेईएसएल के अधिकारी लक्ष्मण चौधरी अपने सहायक अभियन्ता के साथ गैरसरिया और पठानों के मोहल्ले में अवैध हुकिंग हटाने गए थे। इस दौरान स्थानीय निवासी अकबर व उसकी भानजी शौकत के भी अवैध हुकिंग हटाए गए।

बाद में अकबर ने लक्ष्मण को धमकाते हुए कहा- %तुम ऑफिस के बाहर आओ, हम तुम्हें जान से मार देंगे%। अकबर पिछले एक महीने से लक्ष्मण को मारने की धमकी दे रहा था। शाम को अकबर ने अपने दो अन्य साथियों के साथ लक्ष्मण पर तलवार से हमला किया, इससे लक्ष्मण गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक अपराधी शौकत को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया, बाद में अकबर और सिकंदर को गिरफ्तार किया।

### हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तहत हत्या का प्रयास, लोक सेवक को उसके कर्तव्य का पालन करने से रोकने के इरादे से जानबूझकर चोट पहुंचाने या गंभीर चोट पहुंचाने सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इसमें 10 साल की सजा हो सकती है।

*बयाना में बेकाबू पिकअप ने युवक को मारी टक्कर*

# बाइक दुकान के बाहर खड़ा था, गंभीर हालत में भरतपुर रेफर

**बयाना।** बयाना कस्बे के कुंडा तिराहे के पास शाम करीब 5 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक रिपेयरिंग की दुकान के बाहर खड़े एक युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक लगभग 10 फीट हवा में उछलकर सड़क पर जा गिरा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, घायल युवक की पहचान गांव पंगा का नगला निवासी 26 वर्षीय भाग्य सिंह गुर्जर के रूप में हुई है।

वह अपनी बाइक की मरम्मत करवा रहा था और दुकान के बाहर खड़ा था। इसी दौरान रुदावल रोड की ओर से दूध के टैंकर से लदी एक पिकअप तेज गति से आई और उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल भाग्य सिंह को बयाना उप जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे भरतपुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। एएसपी हरिराम कुमावत ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को जब्त कर लिया है और उसके चालक को भी हिरासत में ले लिया है। स्थानीय लोगों ने कुंडा तिराहे पर तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस स्थान पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।




*भीलवाड़ा 'गिवअप' अभियान में अव्वल*

# अब तक 2.37 लाख से ज्यादा लोगों गिव अप किया, करीब ढाई लाख वंचित योजना में जुड़े



**भीलवाड़ा।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा शुरू 'गिव अप अभियान' में अभी तक भीलवाड़ा जिला अव्वल है। जिले ने इस अभियान में अब तक 2 लाख 37 हजार 926 लोगों से 'गिव अप' करवाया है। ईकेवाईसी के माध्यम से 76153 लोग भी एनएफएसए योजना से हटे हैं। इस प्रकार कुल 3 लाख 14 हजार 079 अपात्र लोगों को एनएफएसए योजना से हटाया गया।

इन अपात्र लोगों के हटने से 2,55,317 पात्र, लेकिन वंचित लोगों को एनएफएसए योजना में जोड़ने में जिले को सफलता मिली है। एक ओर जहां एनएफएसए योजना से हटाये लोगों पर वहन होने वाली खाद्य, गैस, बीमा, चिकित्सा सब्सिडी से बचत होगी, वहीं दूसरी ओर नए एनएफएसए लाभार्थियों को इन चार योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

### गिवअप अभियान से समाज में जागृति

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि 'गिव अप' योजना के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कार्मिकों, आयकर दाताओं और एक लाख अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने एनएफएसए लाभ का त्याग कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। 'गिवअप' अभियान ने समाज में जागृति पैदा की है और लोग भारी संख्या में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन 'गिव अप' कर रहे हैं।

### अभियान में सभी की भूमिका महत्वपूर्ण

मिश्र ने कहा कि इस अभियान में समाज के हर वर्ग के लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं सोशल, प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। खाद्य विभाग के कार्मिकों एवं उचित मूल्य दुकानदारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विभाग ने एम.एस.पी. पर 100 क्विंटल से अधिक गेहूं बेचने वाले लाभार्थी परिवारों की सूची उपलब्ध कराई है, जिनकी जांच की जा रही है।

वर्तमान में यह योजना 28 फरवरी 2026 तक के लिए है। 28 फरवरी 2026 तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 01 मार्च 2026 से 30 रुपए 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूं की दर से खाद्यान्न वसूली की जायेगी।

*कोटा में 12 जनवरी को युवा संबल मेला*

# युवाओं को ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू व चयन की व्यवस्था होगी,13 योजनाओं में ट्रेनिंग, लोन के अवसर मिलेंगे

**कोटा।** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ने के उद्देश्य से कोटा में 12 जनवरी को युवा संबल मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दशहरा मैदान में सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा। इस मेले के जरिए युवाओं को एक ही मंच पर रोजगार, अप्रेंटिसशिप, इंटर्नशिप, कौशल प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार से जुड़े अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में राज्य से बाहर के विभिन्न निजी नियोजकों की सहभागिता रहेगी। युवाओं को ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू एवं प्राथमिक चयन के अवसर भी मिलेंगे। आयोजन के मध्यनजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित कोटा दौरे को लेकर कलेक्टर ने 10 व 11 जनवरी को सभी सरकारी ऑफिस खुले रखने के आदेश जारी किए है।

### तैयारियों की समीक्षा की

युवा संबल मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर पीयूष समारिया ने नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कोटा विश्वविद्यालय, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, आईटीआई एवं कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। ओर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में अधिक से अधिक युवाओं को मेले से जोड़ने, संस्थानों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### मेले ग्राउंड का निरीक्षण किया

बैठक के बाद कलेक्टर ने कलक्टर संबंधित विभागों की टीम के साथ दशहरा मैदान स्थित मेला परिसर का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉल्स की ले-आउट व्यवस्था, पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड स्कैनिंग व्यवस्था, हेल्पडेस्क, बैठक एवं प्रतीक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्लान, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा प्रबंधों का देखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, केडीए सचिव मुकेश चौधरी, नगर निगम से उपायुक्त एच.एस. ढिल्लन एवं जवाहर जैन, रोजगार कार्यालय से उपनिदेशक मनोज पाठक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से संयुक्त निदेशक सविता कृष्णा, अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप कौर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



रोजगार विभाग के उप निदेशक मनोज कुमार पाठक ने बताया कि मेले में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, निर्माण श्रमिकों से संबंधित योजनाएं, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना, आरसेटी, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना, आरएसएलडीसी सक्षम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित कुल 13 योजनाओं के अंतर्गत युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार, ऋण सुविधा एवं उद्यम स्थापना के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। युवा मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर लगभग एक मिनट में ही अपनी जॉब एप्लीकेशन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। मेले में ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू एवं प्राथमिक चयन की व्यवस्था रहेगी। पंजीयन, जॉब प्रोफाइल मैपिंग, अप्रेंटिसशिप चयन, ऋण परामर्श एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। बैंक अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा वित्तीय प्रबंधन एवं विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

# नदबई में मीडीयशेन फॉर द नेशन कैम्पेन

*विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने का दिलाया संकल्प*



**नदबई।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के तत्वावधान में नदबई में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नशा मुक्त अभियान 2026, मीडिएशन फॉर द नेशन 2.0, निशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित प्रतिकर स्कीम तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 2026 से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने बताया कि, नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलवाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष कुमार सेजवाल ने की, जबकि संचालन संस्था जय अम्बे कम्प्यूटर सेंटर नदबई के निदेशक विश्राम प्रजापत द्वारा किया गया। इस अवसर पर नवीन शर्मा, अंकुर शर्मा, विशाल बघेल न्यायिक कर्मचारी, संस्था के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

*रक्तदान महादान, इससे बढ़कर कोई सेवा नहीं*

# शिविर में 501 यूनिट रक्त संग्रह कर बनाया नया कीर्तिमान



**गंगापुर।** गंगापुर में भारत विकास परिषद शाखा ने स्वर्गीय राजकुमारी रुइया की 15वीं पुण्य स्मृति में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रुइया परिवार के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 20 महिलाओं सहित युवाओं के अभूतपूर्व सहयोग से 501 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया।

सोहास्ति (सोहरती) वाटिका, गंगापुर में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ महामंडलेश्वर आचार्य श्री जगदीश पुरी महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। सांसद दामोदर अग्रवाल और पूर्व सांसद सुभाष चंद्र बेहड़िया ने मां भारती, युगपुरुष स्वामी विवेकानंद एवं स्वर्गीय राजकुमारी रुइया के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गायन के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति और सेवा भाव से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर आचार्य श्री जगदीश पुरी महाराज ने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि इससे बढ़कर कोई सेवा नहीं है। शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य पेसिफिक हॉस्पिटल उदयपुर, रामस्नेही चिकित्सालय भीलवाड़ा एवं महात्मा गांधी हॉस्पिटल भीलवाड़ा की संयुक्त चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया। टीम ने सभी सावधानियों के साथ सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से यह कार्य संपन्न किया। रक्तदान से पूर्व सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई। रक्तदान के पश्चात उनके लिए स्वल्पाहार एवं विश्राम की उत्तम व्यवस्था भी की गई थी, जिससे रक्तदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष (राजसमंद) सतीश तापड़िया, शाखा संरक्षक प्रहलाद राय सोमानी, शाखा अध्यक्ष भेरूलाल सुराणा, शिविर प्रभारी चमन लोसर, पवन रुइया सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, कांग्रेस पीसीसी सदस्य चेतन प्रकाश डीडवानिया, पुलिस अधीक्षक बुधराज खटीक, पुलिस उपाधीक्षक सुदर्शन पालीवाल, थाना प्रभारी लीलाधर मालवीय, खनिज उद्योग संघ गंगापुर अध्यक्ष शेष करण शर्मा, पूर्व भाजपा प्रत्याशी रूपलाल जाट, नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश तेली, जैन समाज अध्यक्ष सुरेश पिछोलिया, महिला संयोजिका दीपिका सोनी, लोकेश कोठारी, नंदकिशोर तेली, पूजा लोहिया सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। आयोजक सुरेश रुइया एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय रुइया ने इस सफल आयोजन पर सभी का आभार व्यक्त किया।

# भीलवाड़ा में एंबुलेंस ड्राइवरों ने की परमानेंट करने की मांग

*सीएम के नाम कलेक्टर को दिया ज्ञापन, बोले-2008 से कम सैलरी, गुजरा मुश्किल*



**भीलवाड़ा।** एंबुलेंस ड्राइवर्स ने नियमित करने की मांग को लेकर भीलवाड़ा जिला कलेक्टर के कार्यालय के बाहर आज राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन किया ओर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने राजस्थान कांट्रेक्टचल हियरिंग टू सिविल पोस्ट रूल 2022 के तहत संविदा सेवा से नियमित करने की मांग की हैं।

### 2008 से ड्राइवरी कर रहे

यूनियन जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार माली ने बताया कि हम सभी एंबुलेंस ड्राइवर 2008 से कम वेतन में 108 और 104 एम्बुलेंस में काम कर रहे हैं। इस वेतन से हमारा घर का गुजारा नहीं हो पा रहा है। नियमित करने की मांग को लेकर हमने पहले भी कई बार सरकार को ज्ञापन दिए हैं लेकिन हमें अब तक नियमित नहीं किया गया है।

### जीवन जीने योग्य होगा

आज हमने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है जिसमें हमने राजस्थान कांट्रेक्टचल हियरिंग टू सिविल पोस्ट रूल 2022 के तहत नियमित करने की मांग की है। सरकार के नियमित करने से प्रदेश में हजारों ड्राइवर्स का जीवन स्तर बढ़ेगा ओर वे पूरे मन से सेवाएं देंगे।

# टिकड़ में किसान की मौत

*खेत पर काम करते समय तबीयत बिगड़ी, देवली अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम*



**हनुमान नगर (जहाजपुर)।** हनुमान नगर थाना क्षेत्र के टिकड़ गांव में खेत पर काम करते समय एक युवक की तबीयत बिगड़ने के बाद देवली अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान 29 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र श्योजी राम मीणा निवासी टिकड़ के रूप में हुई है। मृतक के मामा के लड़के बहादुर सिंह पुत्र दयालसिंह मीणा निवासी लुहारी (जो वर्तमान में टिकड़ में रहते हैं) ने इस संबंध में हनुमान नगर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुकेश खेत पर काम कर रहा था तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत राजकीय अस्पताल देवली ले गए, लेकिन इलाज के दौरान मुकेश ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।


## LOST FOUND

I, Rohitashwa Saini, s/o Sitaram Saini, resi. Kalwaniyon Ka-Bas Nayan, Shahpura, Dist. Jaipur, hereby state that in my daughter marksheets of 5th, 8th, and 10th classes, my name has been recorded as (ROHITASWA SAINI) ancorrect. My correct name is Rohitashwa Saini Therefore, it is hereby informed that in all educational records, documents, and all future records of my daughter, my correct name Rohitashwa Saini shall be treated as valid and necessary corrections be made accordingly.

## M/S GROMOR AGRO INDIA

Regd. Office at Survey No. 112, Plot No. 3, Dehu Alandi Road, Moshi, Pune-412114 (M.S)

दिनांक : 13.01.2026

कृषि एवं सहकारिता विभाग कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी आदेश सं. 2900(ई) दिनांक 24 अक्टूबर 2015 और आज तक के FCO संसाधन के अनुपालन में **मैसर्स ग्रोमोर एग्रो इंडिया** द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न निर्दिष्टियों के अनुसार नये 100% जल में विलय मिश्रण उर्वरक ग्रेड राजस्थान राज्य में प्रस्तुत कर रहे है।

1) MONO POTASSIUM PHOSPHATE (0:52:34) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)
2) MONO AMMONIUM PHOSPHATE (12:61:0) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)
3) POTASSIUM NITRATE (13:0:45) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)
4) POTASSIUM SULPHATE (0:0:50) (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)
5) NPK – 0:60:20 (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)
6) NPK – 12:11:18 (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)
7) NPK – 13:40:13 (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)
8) NPK – 19:19:19 (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)
9) NPK – 0:0:23 (100% WATER SOLUBLE FERTILIZER) (IMPORT)

## शीत लहर को देखते हुए कक्षा एक से 05 तक के विद्यार्थियों के लिए 12 जनवरी का अवकाश घोषित

**करौली**

जिला कलक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण नीलाभ सक्सेना ने जिले मे चल रही शीतलहर को देखते हुये आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 के अध्याय 04 की धारा 30 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए करौली जिले में संचालित कक्षा 01 से कक्षा 05 तक के समस्त सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यर्थियों का 12 जनवरी 2026 का अवकाश घोषित किया है7 यह अवकाश केवल कक्षा एक से 05 तक के विद्यर्थियों के लिए लागू रहेगा। विद्यालय स्टॉफ यथावत कार्य करता रहेगा। उन्होंने जिले के समस्त सरकारी, गैर सरकारी विद्यालयों के संस्था प्रधानों को निर्देशित किया है कि वे इस आदेश की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी संस्था प्रधान उक्त अवधि में विद्यालय / कक्षा संचालित करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्व आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 में विहित प्रावधानों के तहत् कायवाही अमल में लाई

## हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर विरम बस्ती में बैठक आयोजित



**जालोर**

आगामी हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर विरम बस्ती की बैठक आरएसएस के विभाग कार्यवाह जगदीश सोनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विभाग कार्यवाह जगदीश सोनी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू सम्मेलन समाज को जोड़ने वाला, सांस्कृतिक चेतना सशक्त करने वाला तथा राष्ट्रीय मूल्यों को मजबूत करने वाला आयोजन बताया। बैठक में नगर कार्यवाह ठाकराराम ने हिंदू सम्मेलन की कार्य योजना एवं रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने व्यवस्था व दायित्व निर्धारण कर जनसंपर्क एवं समाज की अधिक से अधिक सहभागिता को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर को 14 बस्तियों में बांटा गया है और 14 कार्यक्रम आयोजित होंगे। विरम बस्ती का कार्यक्रम 25 जनवरी रविवार को रखा गया है एवं 24 जनवरी को विशाल भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। विरम बस्ती के रवि गुप्ता एवं रणजीतसिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी व्यवस्थाएं एवं दायित्व कार्यकर्ताओं को दे दिए गये है जिसमें सुबह प्रभात फेरी एवं घर-घर में पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित किया जाएगा और अधिक से अधिक संख्या में हिंदू समाज को आने का आग्रह किया जायेगा। बैठक के अंत में संजय शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रभारी मंत्री केके विश्नोई सोमवार को जालोर दौरे पर

### बैठक एवं रात्रि चैपाल में भाग लेंगे

**जालोर**

प्रदेश के उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग, कौशल नियोजन, उद्यमिता एवं नीति निर्धारण विभाग के राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री केके विश्नोई 12 जनवरी सोमवार को जालोर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार वे कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 3 बजे केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजना वीबी जी रामजी के संबंध में जानकारी प्रदान करने, सडक, पानी व विद्युत से संबंधित जन समस्याओं का समाधान के लिए कार्य योजना एवं आगामी बजट के लिए सुझाव प्राप्त करने के लिए जन प्रतिनिधियों व स्टैक होल्डर्स, आमजन से संवाद व पूर्व बजट घोषणाओं में भूमि आवंटन तथा स्थानीय स्तर पर जारी होने वाली स्वीकृतियों का क्रियान्वयन के संबंध में बैठक तथा पंच गौरव तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना की समीक्षा बैठक लेंगे और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागों की समीक्षा करेंगे। तत्पश्चात कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री केके बिश्नोई सांय 6 बजे आहोर उपखंड के अजीतपुरा ग्राम में रात्रि चैपाल एवं जन संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## ABVP धौलपुर द्वारा युवा महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ



**धौलपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) की राजकीय महाविद्यालय, धौलपुर व राजकीय कन्या महाविद्यालय इकाई द्वारा युवा महोत्सव 2026 का शुभारंभ आज महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। इकाई अध्यक्ष अभिषेक ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा महोत्सव के अंतर्गत चित्रकला, निबंध लेखन, खेल प्रतियोगिताएँ, संगोष्ठी, सेवा कार्य एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। राजकीय कन्या महाविद्यालय की इकाई अध्यक्ष तान्या ने बताया कि ऐसे आयोजनों से छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक दायित्व की भावना का विकास होता है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला संगठन मंत्री उमेश ओझा ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल भाषणों और कार्यक्रमों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनके विचार आज के युवाओं के लिए जीवन निर्माण का मार्गदर्शन हैं। यदि युवा उनके विचारों को आत्मसात करें, तो वे राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। युवा महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में ABVP के कार्यकर्ता एवं महाविद्यालय परिवार से विश्वेंद्र, अभिषेक, रविन्द्र, धीरेंद्र कुशवाह, आकाश दिवाकर,सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। ABVP द्वारा आयोजित यह युवा महोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता के निर्माण एवं राष्ट्रवादी मूल्यों के संवर्धन की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

# प्रदेश के समस्त थानों में गूंजा युवा शक्ति का जोशः मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देश पर पुलिस साथी बनेंगे प्रदेश के युवा

### पुलिस ब्रांड एंबेसडर बनकर समाज में सेतु का कार्य करेंगे युवा; नशे के विरुद्ध ली शपथ और जाने सुरक्षा के मंत्र

**जयपुर**

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस ने प्रदेशभर में जन-सहभागिता की एक नई पहल की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देशों के अनुरूप महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा के निर्देशन में सोमवार 12 जनवरी को राजस्थान के सभी पुलिस थानों में विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का ऐतिहासिक आयोजन किया गया।

### थानों में ओपन हाउसः खाकी की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए छात्र

महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पुलिस के प्रति भय को समाप्त कर विश्वास पैदा करना है। प्रदेशभर के विद्यालयों कक्षा 9 से 12 और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को थानों में आमंत्रित किया गया। जहाँ थानाधिकारियों और वृत्ताधिकारियों ने युवाओं को पुलिस की कार्यप्रणाली, एफआईआर प्रक्रिया और नवीन न्याय संहिता की बारीकियों को जमीन स्तर पर समझाया।



### साइबर सुरक्षा और सड़क नियमों का मिला कवच

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को न केवल थाने की कार्यशैली दिखाई गई, बल्कि उन्हें आधुनिक दौर की चुनौतियों के लिए भी तैयार किया गया। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं को ऑनलाइन ठगी और अपराधों से बचाव के तरीके, यातायात नियमों का पालन और जीवन रक्षा, राजकॉप सिटीजन ऐप और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों का प्रभावी उपयोग और बच्चों के अधिकार और उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूकता की जानकारी दी।

### नशे के विरुद्ध शपथ और रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आगाज

युवाओं को सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के लिए प्रदेशभर में नशे के विरुद्ध विशेष शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। शर्मा ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा। जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में सभी थानों द्वारा स्कूलों-कॉलेजों में निबंध, पेंटिंग, भाषण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले और पुलिस विषयों पर प्रभावी प्रेजेंटेशन देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

### सक्रिय युवा बनेंगे पुलिस ब्रांड एंबेसडर

इस कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी युवाओं को पुलिस का ब्रांड एंबेसडर बनाना है। 18 से 25 वर्ष के सक्रिय युवाओं को सीएलजी सदस्यों की तर्ज पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये युवा ब्रांड एंबेसडर अपने क्षेत्रों में पुलिस और आमजन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेंगे। वे समाज को अपराध मुक्त बनाने और पुलिस की सकारात्मक छवि को सुदृढ़ करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### सुदृढ़ पुलिस-जन सहभागिता

महानिदेशक पुलिस राजीव शर्मा ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा का भंडार होता है और यदि उन्हें सही दिशा दी जाए, तो वे समाज की सुरक्षा प्रणाली का अहम हिस्सा बन सकते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से राजस्थान पुलिस युवाओं को एक सुरक्षित और अपराध मुक्त भविष्य की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा फाउंडेशन करौली की मीटिंग का आयोजन

### संगठन को और सक्रिय करने पर बल

**करौली**



-अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा फाउंडेशन करौली के पदाधिकारीयों व सदस्यों की मीटिंग का आयोजन, हटवाड़ा रोड ब्राह्मण धर्मशाला के के पास राजस्थान स्काउट गाइड कार्यालय में रिटायर्ड तहसीलदार कमल कांत शर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें विगत मीटिंग के प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए नवीन प्रताप पारित किए गए, जिसमें बेसहारा गोवंश जो मुख्य बाजारों में घूम रहे हैं उनको को गौशाला मैं भिजवाने हेतु नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन देना, जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उनका सम्मान करने का प्रस्ताव रखा गया तथा गुनेसरी गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में समस्त छात्राओं को जर्सी वितरण करने का प्रस्ताव पारित किया गया व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने का भी प्रस्ताव रखा गया इन सभी प्रस्तावों का उपस्थित सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहमति व्यक्ति की,तथा अध्यक्ष द्वारा प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया ,कुछ सदस्यों ने नगर परिषद में हो रहे भ्रष्टाचार से अवगत करवाया जिसे अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने तथ्यात्मक रिपोर्ट संगठन को प्रस्तुत करने की बात कही, वरिष्ठ जिला अध्यक्ष अभय कुमार शास्त्री ने एक विधवा महिला की पुत्री के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु प्रस्ताव रखा जिसे अध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने समय पर अवगत करने पर संगठन द्वारा आर्थिक सहयोग करने की सहमति व्यक्त की, अध्यक्षता कर रहे रिटायर्ड तहसीलदार कमलकांत शर्मा ने उपस्थित सभी पदाधिकारी व सदस्यों से संगठन में सक्रिय रहकर कार्य करने एवं अपने क्षेत्र में हो रहे भ्रष्टाचार, अन्याय, रिश्वतखोरी, महिला शोषण आदि से संगठन को अवगत करवाने पर संगठन द्वारा पूर्ण रूप से सहयोग किए जाने का आश्वासन दिया,जर्सी वितरण कार्यक्रम हेतु उपस्थित कुछ पदाधिकारी व सदस्यों ने मीटिंग स्थल पर ही नगद राशि देकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया, मीटिंग में कमलकांत शर्मा, अभय कुमार शास्त्री, शिवजी उर्फ अक्षय कुमार हरदैनिया, लड्डू गोपाल अग्रवाल, दिनेश शर्मा, घनश्याम गुप्ता, नीरज गुप्ता, अवधेश सारस्वत, महेंद्रशर्मा, व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## जेएलएफ में बांग्लादेश सहित कई-देशों के संघर्षों पर होगी चर्चा

### संजॉय रॉय बोले- इस वर्ष हिंदी-राजस्थानी भाषा पर रहेगा फोकस, 15 जनवरी से होगी शुरुआत

**हमारा समाचार**




**जयपुर।** टीमवर्क आर्ट्स की ओर से जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के 19वें संस्करण की 15 जनवरी से शुरुआत होगी। होटल क्लार्क्स आमेर में सोमवार को जेएलएफ के प्रोड्यूसर संजॉय रॉय ने फेस्टिवल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस बार भारत के पड़ोसी देशों में चल रहे कॉन्फ्लिक्ट पर भी सत्र रखे गए हैं। वहीं दुनियाभर में पॉलिटिकल हलचल पर भी यहां चर्चा होगी।

इस वर्ष फेस्टिवल का विशेष फोकस हिंदी भाषा, राजस्थानी आवाज और क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपराओं पर रहेगा, जो इसे भारतीय साहित्यिक परिदृश्य से और गहराई से जोड़ता है।

जयपुर एक बार फिर साहित्य, विचार और संवाद का वैश्विक मंच बनने जा रहा है। जेएलएफ 2026 में दुनियाभर से लेखक, कवि, विचारक, नीति-निर्माता और कलाकार शामिल होंगे। प्रमुख आकर्षणों में जावेद अख्तर, सुधा मूर्ति, किरण देसाई, स्टीफन फ्राय, टिम बर्नर्स-ली, वीर दास, विश्वनाथन आनंद और जिमी वेल्स जैसे विश्वविख्यात नाम शामिल हैं।

### महात्मा गांधी के पोते गोपाल कृष्ण गांधी भी आएंगे

कार्यक्रम में महात्मा गांधी के पोते गोपाल कृष्ण गांधी सहित गौर गोपाल दास, ऐन एप्पलबाउम, अरविंद सुब्रमण्यम, डी. वाई. चंद्रचूड़, एस्तेर डुफ्लो, रिचर्ड फ्लैनगन, एडवर्ड लूस, लियो वराडकर, गज सिंह, अनुराधा रॉय, मेघा मजूमदार, पर्सिवल एवरेट और निकोलस स्टर्न जैसे अनेक प्रतिष्ठित वक्ता भी शिरकत करेंगे। फेस्टिवल में हिंदी साहित्य और क्षेत्रीय भाषाओं की उपस्थिति देखने को मिलेगी। महाकवि कन्हैयालाल सेठिया काव्य पुरस्कार 2026 की घोषणा की गई है, जो कविता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को सम्मानित करेगा। यह पुरस्कार नमिता गोखले, सुकृता पॉल कुमार, रंजीत होस्कोटे और सिद्धार्थ सेठिया की जूरी की ओर से दिया जाएगा।

## सत्ता के अहंकार में गरीबों का हक ना छीने सरकार, मनरेगा खैरात नहीं, करोड़ों गरीबों की जीवन रेखा हैः विधायक इंदिरा मीणा

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी सवाई माधोपुर का अंबेडकर सर्किल पर एकदिवसीय उपवास

### केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

**सवाई माधोपुर**



जिला कांग्रेस कमेटी सवाई माधोपुर द्वारा 'मनरेगा बचाओ संग्राम' जन आंदोलन के तहत रविवार को अंबेडकर सर्किल पर एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष एवं विधायक इंदिरा मीणा के नेतृत्व में आयोजित इस धरने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मनरेगा बजट में कटौती को लेकर कड़ा विरोध जताया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक इंदिरा मीणा ने कहा कि सत्ता की कुर्सी पर बैठे हुक्मरानो कान खोलकर सुन लें कि मनरेगा कोई 'खैरात' नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों गरीबों की जिंदगी की सांस है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई इस क्रांतिकारी योजना ने ग्रामीण भारत को आर्थिक मजबूती दी थी, लेकिन वर्तमान सरकार इसे धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश रच रही है। विधायक मीणा ने प्रमुख रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर घेराः बजट में कटौतीः केंद्र सरकार द्वारा लगातार मनरेगा के बजट में की जा रही कटौती गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा है। भुगतान में देरीः श्रमिकों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। मजदूरों का हकः मनरेगा सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि ग्रामीण मजदूरों का कानूनी अधिकार है जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर छीनने नहीं देगी। मीडिया प्रभारी अमन खान ने बताया कि उपवास कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि यदि सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने का प्रयास बंद नहीं किया, तो इस आंदोलन को ब्लॉक स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक ले जाया जाएगा।

## मकराना प्राइवेट स्कूल्स सोसायटी के चुनाव संपन्न



### अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव सर्व सहमति से हुआ

**मकराना**

मकराना प्राइवेट स्कूल्स सोसायटी के चुनाव रविवार को शहर के एक निजी होटल में आयोजित किए गए। चुनाव प्रक्रिया में क्षेत्र के निजी स्कूल संचालकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जहाँ सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। बैठक के प्रारंभिक सत्र में निवर्तमान अध्यक्ष ने ए. क्यू. कुरैशी ने बताया की वर्तमान कार्यकरिणी ने सभी के सहयोग से अपना दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। इस कारण से वर्तमान कार्यकरिणी को भंग किया जाता है। इस दौरान उन्होंने नई कार्यकारिणी के साथ भी पूर्ण विश्वास, ऊर्जा और उमंग के साथ संस्थान और क्षेत्र में शिक्षा के हित में सभी को सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान अब्दुल रहमान रांदड ने अध्यक्ष पद के लिए भंवर लाल खिलेरी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सदन ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। इसके पश्चात, अब्दुल कयूम रंगरेज के प्रस्ताव पर सम्पत सिंह राठौड़ को सचिव और बिरमाराम किरडोलिया के प्रस्ताव पर अब्दुल सईद सिसोदिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूरी चुनावी प्रक्रिया आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सोसायटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संगठन की शेष कार्यकारिणी के विस्तार और अन्य पदों पर नियुक्तियों का पूर्ण उत्तरदायित्व नवनियुक्त अध्यक्ष भंवर लाल खिलेरी को सौंपा जाए। वे जल्द ही अपनी टीम की घोषणा करेंगे।

## जालोर कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत रखा सांकेतिक उपवास

**जालोर**



केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका पर किए गए गंभीर हमले को देखते हुये जिला कांग्रेस कमेटी जालोर द्वारा 'मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन' के तहत रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक 'एक दिवस का सांकेतिक उपवास' कार्यक्रम जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल के नेतृव में शहर के हरिदेव जोशी सर्किल स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर सभा स्थल में रखा गया। सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मालार्पण किया। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। तपश्चात समस्त कांग्रेसजन द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक उपवास कार्यक्रम आयोजित कर जी रामजी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की बात आमजन के समक्ष रखी। ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा को उसके मूलअधिकार -आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके। समस्त कांग्रेसजन ने भोजन नही करके उपवास कार्यक्रम किया। सांकेतिक एक दिवसीय उपवास के दौरान पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई द्वारा सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओ को मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत शपथ दिलवाई गयी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पुखराज पाराशर, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, सवाराम पटेल, ईशराराम विश्नोई, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह कुम्पावत, संग़ठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, भोमाराम मेघवाल, सवाईसिंह चंपावत, गजेन्द्र सिंह डोडियाली, गलबाराम मीणा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कँवर, सेवादल जिलाध्यक्ष भेरूपाल सिंह, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग, एससी जिलाध्यक्ष खसाराम मेघवाल, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जाकिर खान, ओबीसी जिलाध्यक्ष सीएल गहलोत, रमेश सोलंकी, जवानाराम परिहार, बसंत सुथार, आमसिंह परिहार, पुखराज विश्नोई, कुशालसिंह राजपुरोहित, पीरसिंह मालपुरा, प्रेमसिंह मिठड़ी, मोतीसिंह निम्बलना, सुरेश मेघवाल, पन्नेसिंह पोषाणा, नागेश जेन, प्रकाश मेघवाल, आलम खान, सद्दाम राजड़, अमरसिंह, महेंद्र सोनगरा, कमलसिंह बालावत, जीवाराम चौहान, इक़बाल खान, सोनाराम मेघवाल, बंशीलाल माली, जगदीश सरगरा, उम्मेदसिंह चारण, पुखराज माली, हिंदल खान, इंद्रसिंह दहिया, पृथ्वीसिंह भाटी फकरुदिन मेहर, गोविन्द मेघवाल, कृष्ण कुमार वनिका जोगाराम सरगरा, छगन आर्य, सूरज बामनिया सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### एबीवीपी के 8 सदस्यों पर जेएनयू प्रशासन ने लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएनयू ने कथित तौर पर हिंसा में शामिल एबीवीपी के आठ सदस्यों पर करीब डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हर सदस्य को 19 हजार रुपये का जुर्माना भरना होगा। एबीवीपी के सदस्यों पर ये जुर्माना साल 2024 में कथित तौर पर हिंसा में शामिल होने और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के वजह से लगाया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा 9 जनवरी को जारी एक आदेश के अनुसार, 2024 में स्कूल ऑफ लैंग्वेज में छात्र संघ चुनावों के संबंध में आयोजित गवर्निंग बॉडी मीटिंग के दौरान छात्र अनुशासनहीनता करते पाए गए थे। आदेश में कहा गया है कि छात्रों का आचरण यूनिवर्सिटी के मानदंडों का उल्लंघन था। आदेश में कहा गया है कि छात्रों के खिलाफ कार्रवाई यूनिवर्सिटी के नियमों के मुताबिक की गई है। छात्रों को आदेश जारी होने के 10 दिनों के अंदर जुर्माना भरने को कहा गया है। एबीवीपी ने इसे भेदभावपूर्ण करार दिया है और कहा है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन एबीवीपी के सदस्यों को टारगेट कर रहा है जबकि लेफ्ट समर्थित छात्रों को इस तरह के मामलों में किसी कार्रवाई का सामना नहीं करना पड़ता। आपको बता दें कि साल 2024 में छात्र संघ चुनावों के संबंध में आयोजित गवर्निंग बॉडी मीटिंग की बैठक में एबीवीपी और लेफ्ट समर्थित छात्रों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। झड़प के वीडियो तब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल भी हुए थे। वायरल वीडियो में छात्र एक-दूसरे पर डंडे बरसाते नजर आए तो कुछ छात्र लात-घूंसे बरसाते नजर आ रहे थे। इस झड़प के बाद एबीवीपी और लेफ्ट समर्थित छात्रों ने एक-दूसरे पर हिंसा के आरोप लगाए थे। इस दौरान कई छात्र घायल भी हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने तय किया था कि मामले की जांच होगी और जो भी हिंसा में शामिल होंगे उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

### दिल्ली की तंग सड़कों पर चलेंगी 'मिनी बसें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने राजधानी की परिवहन व्यवस्था को पूरी तरह



'ग्रीन' बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। दिल्ली परिवहन विभाग ने 3,330 अतिरिक्त ई-बसों की तत्काल खरीद के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। इनमें 7 मीटर की ई-बसें भी हैं, जिन्हें संकरी सड़कों पर चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाना और नागरिकों को एक आधुनिक, सुगम और सस्ती सार्वजनिक परिवहन सेवा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार की एजेंसी कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया कि पीएम ई-ड्राइव योजना (फेज-2) के तहत दिल्ली के लिए बसों का कोटा बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने केंद्र सरकार और भारी उद्योग मंत्रालय से अनुरोध किया है कि दिल्ली की इस अतिरिक्त मांग (जो कि पहले से आवंटित 2,800 बसों के कोटे से अलग है) को सब्सिडी मॉडल में शामिल किया जाए। यदि सब्सिडी में कोई तकनीकी अड़चन आती है तो दिल्ली सरकार स्वयं इस लागत का भार उठाएगी। सीएम ने कहा कि ये 3,330 नई बसें सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था मजबूत करने के साथ 'ग्रीन ट्रांजिशन' का आधार भी बनेंगी। इन बसों के आने से लोगों की निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी। साथ ही, हवा में घुलने वाले हानिकारक धुएं में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मार्च तक दिल्ली की सड़कों पर 5,000 से ज्यादा ईवी बसें संचालित हो जाएंगी। वहीं, वर्ष के अंत तक 7000 ई-बसें दिल्लीवासियों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। पीएम ई-ड्राइव (चरण 1) की 2800 बसें आने के बाद दिल्ली में बसों की संख्या 10,430 हो जाएगी तथा पीएम ई-ड्राइव (चरण 2) की 3330 बसें आने के बाद दिल्ली में बसों की संख्या 13,760 हो जाएगी।

# दिल्ली मेट्रो एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर सिग्नलिंग केबल हुई चोरी

**मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में बेखोफ चोरों का आतंक चरम पर है। आमतौर पर घरों और दुकानों के साथ ही चोर अब मेट्रो की संपत्तियों को भी निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। ऐसे ही चोरों ने आज अपनी हरकत से अतिसुरक्षित मानी जाने वाली दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) की तरफ से रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर बताया गया, ''एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन अपडेट - धौला कुआं मेट्रो स्टेशन के पास सिग्नलिंग केबलों की चोरी और क्षतिग्रस्त के कारण आज सुबह से धौला कुआं से शिवाजी स्टेडियम स्टेशनों के बीच एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर ट्रेन सेवाओं को नियंत्रित/प्रतिबंधित गति से चलाया जा रहा है। हालांकि अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य हैं।''

दिल्ली मेट्रो की करीब 22.7 किलोमीटर लंबी एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (ञ्ज-3) और द्वारका से जोड़ती है। यह भारत की सबसे तेज मेट्रो लाइन है।

कहां-कहां है इंटरचेंज की सुविधा नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन (येलो लाइन) :- समयपुर बादली / हुडा सिटी सेंटर एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन से येलो लाइन जाने के लिए स्टेशन के अंदर ही सीधा रास्ता उपलब्ध है।

नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन :- भारतीय रेलवे के नई दिल्ली रेलवे स्टेशन गेट नंबर 6 से बाहर निकलकर आप सीधे रेलवे स्टेशन के 'अजमेरी गेट' की ओर जा सकते हैं।

धौला कुआं मेट्रो स्टेशन (पिंक लाइन) :- मजलिस पार्क / शिव विहार यहां ट्रैवेलेटर की सुविधा है जो आपको 'दुर्गाबाई देशमुख साउथ कैंपस' स्टेशन से जोड़ती है।

# दिल्ली की पुरानी झील की बदलेगी तस्वीर 2 महीने में खर्च होंगे 14.75 लाख रूपये

**● काम शुरू होने के बाद इसे दो महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम ने उत्तरी दिल्ली के मॉडल टाउन में स्थित नैनी झील के कायाकल्प के लिए ठेकेदारों से बिडिंग आमंत्रित की हैं। अधिकारियों की मानें तो काम शुरू होने के बाद इसे दो महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। इसके कायाकल्प में कुल 14.75 लाख रुपये लगेंगे। यह कदम स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बाद उठाया गया है, जिन्होंने पुरानी हो चुकी सुविधाओं, खराब रोशनी और बैठने की जगह की कमी को लेकर चिंता जताई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य झील परिसर को सुरक्षित, चमकदार और पर्यटकों खासकर परिवारों और बुजुर्गों के लिए बेहतर बनाना है। दिन और रात, दोनों समय लोगों की सुविधा के लिए निर्माण कार्य और बिजली के काम एक साथ किए जाएंगे। कुल बजट में से लगभग 8.88 लाख मरम्मत और निर्माण के लिए रखे गए हैं, जबकि 5.86 लाख बिजली और रोशनी की व्यवस्था के लिए तय किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस कायाकल्प योजना में झील के चारों ओर पैदल चलने के लिए नए रास्ते, टूटे हुए फर्श की मरम्मत, बैठने के लिए नई बेंचें, बाउंड्री की सजावट और रास्तों व भीड़भाड़ वाली जगहों पर नई लाइटिंग लगाना शामिल है। यह झील स्थानीय लोगों के लिए मॉर्निंग वॉक और आपस में मिलने-जुलने की एक मुख्य जगह है। अधिकारियों ने बताया कि यहां कोई बड़ा या भारी निर्माण नहीं किया जाएगा, बल्कि जनता की सुविधाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। अधिकारी के अनुसार, 'हमारा उद्देश्य झील के प्राकृतिक वातावरण को छेड़े बिना पुरानी सुविधाओं को सुधारना है। लोग यहां रोज आते हैं, इसलिए बेहतर रोशनी और सुरक्षित रास्तों जैसी व्यावहारिक चीजों पर जोर दिया जा रहा है।' अधिकारियों का कहना है कि सुधार कार्य पूरा होने के बाद, यहां छोटे सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दिया जाएगा ताकि झील का परिसर और जीवंत हो सके। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में स्थित सार्वजनिक स्थलों को सुधारने के लिए डीटीटीडीसी द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट्स में यह झील भी शामिल है।



निर्माण कार्य का समय जानबूझकर कम रखा गया है ताकि यहां आने वाले लोगों और मॉर्निंग वॉक करने वालों को ज्यादा परेशानी न हो। अधिकारियों के अनुसार, काम के दौरान कुछ हिस्सों में अस्थायी रास्ते बनाए जा सकते हैं ताकि मरम्मत के समय भी लोग झील परिसर का इस्तेमाल कर सकें। डीटीटीडीसी के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि, 'एक बार जब कायाकल्प का काम पूरा हो जाएगा, तो इसके नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित नागरिक निकायों के पास रहेगी।'

# असली स्वरूप में लौटा दिल्ली का पुराना बारापुला ब्रिज

**● संरक्षण कार्य के बाद अब यह ब्रिज पर्यटकों को आकर्षित करने लगा है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में स्थित मुगल काल की ऐतिहासिक संरचना बारापुला ब्रिज को उसका पुराना स्वरूप वापस लौटाया गया है। संरक्षण कार्य के बाद अब यह ब्रिज पर्यटकों को आकर्षित करने लगा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह ब्रिज दिल्लीवालों के लिए एक नया पिकनिक स्पॉट बन सकता है।

लंबे समय से गुमनामी का दंश झेल रहे 400 साल पुराने बारापुला को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) उसकी पहचान लौटाने में जुटा है। ब्रिज की मरम्मत का काम लगभग पूरा हो गया है। अब अगले चरण में सौंदर्यीकरण के लिए हॉर्टिकल्चर विभाग यहां कार्य करेगा। यहां पर लोगों के बैठने और रोशनी की व्यवस्था भी की जाएगी।

ब्रिज पर सूचना बोर्ड लगेंगे, जिससे पर्यटक पुल के इतिहास से रूबरू होंगे। इसमें दिल्ली के इतिहास और आस-पास के स्मारकों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। एएसआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके ऊपर एक मीटर तक मलबा था, उसे हटाया गया है। साथ ही, अतिक्रमण के साथ यहां बाजार भी लगता था जिसे बंद किया गया। इस ब्रिज के दोनों ओर लगे कई बुर्ज टूट चुके थे, उन्हें फिर से



स्थापित किया गया है। ब्रिज में आ चुकीं दरारों को लाइम कंक्रीट से भरा गया है। अब पहले से सुंदर लग रहा है। यह पुल पत्थर से बनी एक विशाल संरचना है। इसमें 11 मेहराब हैं, जो 12 स्तंभ पर टिके हुए हैं। इसकी लंबाई लगभग 195 मीटर है। इसमें 12 खंभों के कारण इसे बारापुला नाम दिया गया था। बारापुला निजामुद्दीन इलाके के पास है। ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार इस पुल का निर्माण 1617 से 22 के मध्य में मिहर बानो आगा ने करवाया था। इस पुल को 1916 में राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित किया था।

### ब्रिटिश कंपनी के सीईओ से पौने 8 करोड़ रुपये ठगे, निवेश के नाम पर लगाई चपत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर गुरुग्राम-सोहना रोड पर सेक्टर-47 स्थित मालिबू टाउन कॉलोनी निवासी एक ब्रिटिश कंपनी के सीईओ से करीब पौने 8 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। निवेश के नाम पर हुए साइबर फ्रॉड में यह अब तक की सबसे बड़ी धोखाधड़ी है। साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मालिबू टाउन कॉलोनी की केडार ड्राइव ब्लॉक निवासी 54 वर्षीय अश्वनी अवस्थी ने बताया कि वह शेयर बाजार में निवेश करने के लिए उन्होंने पिछले साल सितंबर में गूगल पर निवेश सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों को खोजना शुरू किया। उन्हें एक कंपनी का विज्ञापन मिला। कंपनी ने खुद को निवेश में सहायता करने वाला एक विश्वसनीय मंच बताया। इस कंपनी के बारे में जब अवस्थी ने जानकारी निकाली तो उसे पता चला कि देश के प्रख्यात उद्योगपतियों ने इस ऐप के माध्यम से निवेश किया हुआ है। इससे उनकी संगठन के प्रति विश्वसनीयता बन गई और उन्होंने इसके जरिये शेयर बाजार में निवेश करने का फैसला लिया। अश्वनी अवस्थी को इस ऐप के माध्यम से एक लिंक मिला। इस लिंक पर क्लिक करने के बाद वह इस कंपनी की ऐप के समूह में शामिल हो गए। उसने ऐप पर बताया कि वह निवेश में नौसिखिए हैं। ऐसे में उसे पहले छोटी राशि निवेश करने की सलाह दी गई। उन्हें आश्वासन दिया कि निवेश के बारे में जानकारी हासिल होने के बाद वह धीरे-धीरे राशि को बढ़ा सकते हैं। 29 सितंबर को उन्होंने इस ऐप के माध्यम से ओटीसी और आईपीओ में निवेश करना शुरू किया और एक जनवरी तक निवेश किया।

# लश्कर का नंबर 2 आतंकी स्कूल में भाषण दे रहा, भारत के खिलाफ जहर उगला

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
लश्कर-ए-तैयबा के उप प्रमुख और पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह पाकिस्तानी सेना के साथ अपने संगठन के गहरे संबंधों को खुलासा कर रहा है। कसूरी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना उसे अपने सैनिकों की अंतिम यात्रा में जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए आमंत्रित करती है। यह वीडियो किस समय का है, तारीख अभी मालूम नहीं चली। इसमें वह स्कूल के बच्चों को भाषण देता नजर आ रहा है। हालांकि, खुफिया स्रोतों ने इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि कर दी है।



सैफुल्लाह कसूरी ने दावा किया, 'पाकिस्तान की सेना मुझे जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए बुलाती है। क्या तुम्हें पता है कि भारत भी मुझसे डरता है?' यह खुलासा पाकिस्तान की ओर से राज्य प्रायोजित आतंकवाद के भारत के लंबे समय से चले आ रहे आरोपों को मजबूती देता है। यह घटना किसी सभ्य समाज में अकल्पनीय है कि एक आतंकी संगठन का दूसरा सबसे बड़ा नेता बच्चों के स्कूल में जाकर युवा दिमागों को प्रभावित करे। पहलगाम हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के लिए जिम्मेदार लश्कर ने पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर काम किया, जैसा कि 1999 के कारगिल युद्ध में भी देखा गया था।

### आतंक का निर्यात करने में जुटा पाकिस्तान

ऑपरेशन सिंदूर के छह महीने बाद पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद ने जम्मू-कश्मीर में नए हमलों की तैयारी की थी, जिसे नई दिल्ली ने गंभीर चेतावनी करार दिया। एनडीटीवी की रिपोर्ट में यह बताया गया है। ऑपरेशन सिंदूर अप्रैल 2025 के पहलगाम हमले के जवाब में शुरू हुआ था, जो आतंकी ढांचे को नष्ट करने का भारतीय अभियान था। अगर इसी तरह पाकिस्तान की ओर से आतंक का निर्यात जारी रहा तो इसकी नई फेज शुरू हो सकती है। यह भारत ही नहीं, दुनिया भर के लिए चिंता की बात है। ताजा वीडियो से पाकिस्तान की थू-थू हो रही है, लेकिन वैश्विक स्तर पर उसके खिलाफ सख्त ऐक्शन लेना होगा।

### न्यायाधीश ने ट्रंप पर क्या टिप्पणी की

# ट्रंप को झटका : कोर्ट ने वाशिंगटन और ओरेगन में मतदान संबंधी आदेश रोका

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका में चुनावी प्रक्रिया को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। एक संघीय अदालत ने वाशिंगटन और ओरेगन में डाक द्वारा मतदान से जुड़े ट्रंप प्रशासन के कार्यकारी आदेश के अधिकांश प्रावधानों पर रोक लगा दी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन मतदान नियमों को सख्त करने की कोशिशों में जुटा हुआ था।

सिएटल स्थित अमेरिकी जिला न्यायाधीश जॉन एच. चुन ने साफ कहा कि राष्ट्रपति को चुनावों को नियंत्रित करने का अधिकार नहीं है। ट्रंप प्रशासन नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना चाहता था। सभी मतपत्रों को चुनाव दिवस तक प्राप्त करने की शर्त रखी गई थी। अदालत ने माना कि ये प्रावधान राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। जज ने अपने आदेश में कहा कि चुनावों को विनियमित करने का अधिकार केवल राज्यों और कांग्रेस के पास है। संविधान शक्तियों के पृथक्करण की बात करता है। कोई भी राष्ट्रपति एकतरफा चुनाव नियम तय नहीं कर सकता। अदालत ने कहा कि ऐसे आदेश लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ हैं। वाशिंगटन और ओरेगन ने अलग-अलग मुकदमा दायर किया। दोनों राज्य केवल डाक द्वारा मतदान प्रणाली अपनाते हैं। उनका कहना था कि कार्यकारी आदेश से उन्हें सीधा और विशेष नुकसान होता। इससे पहले 19 राज्यों ने मैसाचुसेट्स में इसी तरह का केस दायर किया था, जिसमें भी ट्रंप को झटका लगा था। एक अन्य मामले में संघीय जज अरुण सुब्रमण्यन ने ट्रंप प्रशासन को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि बच्चों की देखभाल और जरूरतमंद परिवारों से जुड़े कार्यक्रमों की फंडिंग नहीं रोकी जा सकती।

# आईएस के ठिकानों पर अमेरिका ने फिर बरसाए बम, कहा- हमारे सैनिकों पर हमला किया तो ढूंढ-ढूंढकर मारेंगे

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका ने शनिवार को एक बार फिर से सीरिया में हवाई हमला किया। अमेरिका के निशाने पर आतंकी संगठन आईएस के ठिकाने रहे। पिछले महीने एक हमले में अमेरिका के दो सैनिक और एक एक सीरियाई नागरिक की मौत हो गई थी। जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में अमेरिका ने आईएस के ठिकानों पर भारी बमबारी की थी।

अब शनिवार को एक बार फिर अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों की सेनाओं के साथ मिलकर सीरिया में हवाई हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि अमेरिका ने सहयोगी बलों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर हमले किए, जो लगभग देर रात 12.30 बजे किए गए। इन हमलों में सीरिया भर में इस्लामिक स्टेट के कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'हमारा



संदेश साफ है, अगर आप हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम आपको दुनिया में कहीं से भी ढूंढ निकालेंगे और मार देंगे, चाहे आप न्याय से बचने की कितनी भी कोशिश कर लें।' गौरतलब है कि इससे पहले बीते महीने 19 दिसंबर को अमेरिका ने सीरिया पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए थे, जिसमें आईएस के 70 ठिकानों को निशाना बनाया गया था। उसके बाद बीते हफ्ते ही ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने भी सीरिया में हवाई हमले किए। इन हवाई हमलों का निशाना भी आईएस था।

# वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने कहा- मादुरो और पत्नी की वापसी तक चैन से नहीं बैठेंगे

**काराकास, एजेंसी।**
वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने अमेरिकी सेना की तरफ से हिरासत में लिए गए निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस की देश वापसी का संकल्प लिया है। रोड्रिग्ज ने कहा कि मादुरो और फ्लोरेस की वेनेजुएला वापसी तक वह एक मिनट के लिए भी आराम नहीं करेंगी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को मिरांडा राज्य में एक कार्यक्रम में बोलते हुए रोड्रिग्ज ने कहा कि वेनेजुएला के नेतृत्व या शासन कार्यक्रम के बारे में कोई अनिश्चितता नहीं है। उन्होंने कहा, 'यहां कोई अनिश्चितता नहीं है। वेनेजुएला के लोग प्रभारी हैं और एक सरकार है, जो



राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की है।' उन्होंने शांति, स्थिरता और देश के भविष्य की गारंटी के लिए एकता का आह्वान किया। रोड्रिग्ज ने यह भी कहा कि एक साल पहले उन्होंने मादुरो के साथ उनके तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में शपथ ली थी। आज एक साल बाद हम उनकी आजादी के लिए शपथ ले रहे हैं। प्रयास में निर्णायक होगी। इसी बीच, कार्यवाहक राष्ट्रपति ने पुष्टि की कि उनकी सरकार मादुरो की ओर से निर्धारित सात कार्य योजनाओं को जारी रखे हुए है। बता दें कि अमेरिकी सेना ने 3 जनवरी को काराकास और वेनेजुएला के तीन अन्य शहरों में सैन्य हमले किए थे। इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को उनकी पत्नी समेत हिरासत में ले लिया था। अमेरिका की इस कार्रवाई की दुनियाभर में निंदा की गई और कई देशों ने अपनी चिंताएं भी जाहिर कीं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला ने राजनीतिक कैदियों को रिहा करना शुरू कर दिया है। उन्होंने इसे प्रत्यक्ष अमेरिकी कार्रवाई का परिणाम बताया। ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला ने अपने राजनीतिक कैदियों को रिहा करने की प्रक्रिया बड़े पैमाने पर शुरू कर दी है। राष्ट्रपति ने इस कदम को सीधे तौर पर अमेरिकी भूमिका से जोड़ा और संकेत दिया कि अमेरिकी दबाव के बिना यह संभव नहीं होता। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि वे कैदी याद रखेंगे कि वे कितने भाग्यशाली हैं कि अमेरिका आया और उसने वह किया जो करना जरूरी था।

हमारा समाचार

# प्रादेशिक समाचार

आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2012/45657, डाक पंजीयन संख्या RJ/JPM/151/2022-2024



## यात्री की तबियत बिगड़ने पर जयपुर में विमान की इमरजेंसी-लैंडिंग

हमारा समाचार




**जयपुर** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आज सुबह एक विमान की इमरजेंसी लैंडिंग की गई। ये विमान अपने निर्धारित समय पर विजयवाड़ा जा रहा था। लेकिन बीच में एक यात्री की विमान में तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद पायटल ने विमान को जयपुर डायवर्ट करते हुए यहां एयरपोर्ट पर उतारा। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक एयर इंडिया का विमान I-2571 अपने निर्धारित समय पर दिल्ली से विजयवाड़ा के लिए उड़ान भरा। विमान के उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर विमान को नजदीकी एयरपोर्ट पर उतारने का फैसला किया। विमान चूंकि जयपुर के नजदीक था तो उसे जयपुर एयरपोर्ट पर सुबह करीब 6.45 बजे एटीसी से संपर्क करने के बाद उतारा गया।एटीसी को सूचना देने के बाद मेडिकल टीम भी एक्टिव हो गई और एम्बुलेंस लेकर टैक्सी-वे पर पहुंच गई। विमान जैसे ही रनवे पर उतरकर टैक्सी-वे पर पहुंचा वहां यात्री को उतारा गया और वापस विमान को विजयवाड़ा के लिए रवाना किया। इधर यात्री को एयरपोर्ट पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जवाहर सर्किल के पास निजी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

## जयपुर के पंत कृषि भवन में लगी भीषण आग:फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों ने बुझाई



हमारा समाचार

**जयपुर**। पंत कृषि भवन के थर्ड फ्लोर पर सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को थर्ड फ्लोर स्थित खिड़की के शीशे तोड़ने पड़े। शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सीएफओ गौतम लाल ने बताया- पंत कृषि भवन के थर्ड फ्लोर पर सुबह करीब 10:40 बजे आग लगी थी। बाहर से बंद रुम में चल रहे हीटर में अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। जिससे निकली चिंगारियों ने वहां रखे सामान को अपने आगोश में ले लिया। देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया। थर्ड फ्लोर स्थित कमरे से आग की भीषण लपटे और धुंए का गुब्बार उठते देखकर दहशत फैल गई। वहां मौजूद अधिकारी-कर्मचारी पंत कृषि भवन से बाहर निकल आए। आग की सूचना पर फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायरकर्मी मनीष सैनी ने थर्ड फ्लोर के विंडो के शीशे तोड़े। इसके बाद करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग से रुम में लगे एसी सहित फर्नीचर जलकर खाक हो गया। समय रहते आग पर काबू पाने के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया।

## बमनुमा वस्तु को नष्ट किया तो हुआ धमाका:अलवर में एक मकान के पास मिली थी, पुलिस के साथ ही बम स्क्वॉड मौके पर पहुंची थी

हमारा समाचार

**अलवर**। अलवर शहर में सोमवार सुबह एक मकान के पास बम जैसी वस्तु मिली। इस पर टाइमर लगा था। यह वस्तु अरावली विहार थाना इलाके के विवेकानंद नगर सेक्टर-4 में मिली। पुलिस इसे शहर से करीब साढ़े छह किलोमीटर दूर जयसमंद बांध पर लेकर गई। वहां उसे खाली जगह रखा गया। बांध के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया। लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई। जयपुर से पहुंची एंटी बम स्क्वॉड ने संदिग्ध वस्तु को नष्ट किया तो पटाखे जैसा धमाका हुआ। बम निरोधक स्क्वॉड के स्ढ्ढ रमेश चंद ने बताया- इसमें कोई एक्सप्लोसिव नहीं था। अपने उपकरणों से हर तरीके से जांच की। जांच के बाद कुछ संदिग्ध नहीं मिला। संदिग्ध वस्तु में पेस्ट और टाइमर लगाया गया था, जिससे ऐसा लगे कि बम हो। लेकिन ऐसा नहीं था। टीम ने छोटा सा धमाका कर इसे न्यूट्रलाइज (बेअसर) कर दिया। अब इसके पार्ट FSL टीम को भेजकर भी जांच करवाई जाएगी। यह वस्तु बाबूसिंह के मकान के पास मिली थी। बाबूसिंह ने बताया- सुबह संदिग्ध व्यक्ति मेरे घर में घुसा था। उसके साथ मेरा झगड़ा हुआ। नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। उस व्यक्ति के पास से संदिग्ध वस्तु गिरी थी। इसके बाद वह भाग गया।

## झोटवाड़ा कांटा चौराहा पर शेखावाटी लाइब्रेरी का शुभारंभ पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष राखी राठौड़ और पार्षद दुर्गेश नंदिनी रहीं मुख्य अतिथि



हमारा समाचार

**झोटवाड़ा**। कांटा चौराहा क्षेत्र में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शेखावाटी लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष राखी राठौड़ तथा पार्षद दुर्गेश नंदिनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनके भविष्य को लेकर प्रेरणादायी विचार साझा किए। अतिथियों ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के इस दौर में पुस्तकालय युवाओं के लिए मार्गदर्शक का कार्य करते हैं और इस प्रकार की सुविधाएं विद्यार्थियों को एक सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं। शेखावाटी लाइब्रेरी एवं शेखावाटी हॉस्टल के संचालक फारुख खान डीके ने बताया कि लाइब्रेरी में शांत वातावरण, पर्याप्त अध्ययन सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, समाचार पत्र, मैगजीन एवं डिजिटल अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं,

### राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सृजन 2026 का भव्य और दिव्य आयोजन

# विवेकानंद केवल संत नहीं बल्कि थे 'युगनिर्माता'.. सृजन-2026 में किया गया राष्ट्र निर्माण का आह्वान!

## विवेकानंद जयंती पर युवाओं को मिला प्रेरणा का महाकुंभ

### अजमेर सांसद और कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी बोले-स्वामी विवेकानंद ने भारत को आत्मगौरव और आत्मविश्वास लौटाया




हमारा समाचार

**जयपुर**। स्वामी विवेकानंद केवल एक संत नहीं थे, वह युवाओं के सबसे बड़े प्रेरक विचारक थे। उनका ध्येय राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का था। यह कहना था अजमेर सांसद और कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का जो वार्षिक खेल और सांस्कृतिक उत्सव सृजन 2026 के अवसर पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 से 14 जनवरी 2026 तक बहुप्रतीक्षित वार्षिक समारोह, वार्षिक खेल और सांस्कृतिक उत्सव - सृजन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। चौधरी ने आगे बताया कि सम्पूर्ण विश्व में हमारा देश सबसे सम्पन्न राष्ट्र था। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारा देश विश्व में नंबर एक पर था, नालंदा और तकशिला विश्वविद्यालय इसके साक्षात् प्रमाण है। यह देश नारी शिक्षा में भी एक नंबर था, परन्तु दुर्भाग्यवश हमारे देश में महिला शिक्षा का अभाव हो गया और हमारा देश गुलामी की मानसिकता में डूब गया। पिछले काल खंडो में बाहर के आतताइयों ने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत इस देश को लूटा और चले गए। ऐसे समय में स्वामी विवेकानंद ने सम्पूर्ण विश्व में भारत की संस्कृति का प्रचार किया। इसी के परिणाम स्वरूप आज हम युवा दिवस मना रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने मुख्य अतिथि भागीरथ चौधरी को शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और श्रीमद भगवद गीता और भगवान गणेश की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव ने इस अवसर पर सभी को विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकमनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन केवल एक जयंती नहीं बल्कि चेतना का उत्सव है, युवाशक्ति के जागरण का दिन हैं, भारत के आत्मबोध का दिन हैं। उन्होंने आगे बताया कि स्वामी विवेकानंद जी भीड़ में चलने वाले संत नहीं थें वे भीड़ को दिशा देने वाले युगपुरुष थें। प्रो भालेराव ने आगे बताया कि जब पूरा भारत गुलामी की मानसिकता में जकड़ा था, तब एक युवा सन्यासी से दुनिया से कहा था कि परम्परा, संस्कृति, शिक्षा और मूल्य की रक्षा के लिए हमें किसी से प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता नहीं हैं। उन्होंने भारतीयो युवाओ के भीतर सोया हुआ सिंह जगा दिया। इस अवसर पर चित्तौड़ प्रांत के प्रांत प्रचारक मुरलीधर ने अपने विचार सभी के साथ साझा करते हुए विवेकानंद से संबंधित कई रोचक प्रसंग सुनाए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य युवा संकल्प यात्रा से हुआ जिसकी औपचारिक शुरुआत मुख्य अतिथि और कुलपति द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। भागीरथ चौधरी ने यात्रा में भाग लिया जिसके पश्चात सभागार पहुंचकर एक पुस्तक प्रदर्शनी और स्वामी विवेकानंद के जीवन की यात्रा पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान कुलपति प्रो. आनंद भालेराव व भागीरथ चौधरी ने भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए भारतीय शिक्षण मंडल के प्रयासों की सराहना की।

### कार्यक्रम में पहली बार पहली प्रदान किए गए कुलपति नवाचार पुरस्कार

वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव सृजन 2026 के भव्य उद्घाटन समारोह के दौरान विश्वविद्यालय में पहली बार कुलपति नवाचार पुरस्कार प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार, सृजनशीलता और उद्यमशील सोच को प्रोत्साहित करना है। पहला नवाचार पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग की टीम को प्रदान किया गया। इस टीम में प्रभनूर कौर, सौम्या श्रीवास्तव, उर्वी वर्मा एवं स्पर्श सिंह शामिल हैं। इसके पश्चात दूसरा नवाचार पुरस्कार पर्यावरण विज्ञान विभाग की छात्रा इकरा चौधरी को प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही चयनित नवाचारों को सीयूराज इन्क्यूबेशन फाउंडेशन के माध्यम से उनके विचार को उत्पाद या तकनीक के रूप में विकसित करने के लिए 5 लाख तक का इन्क्यूबेशन अनुदान प्रदान किया जाएगा।

### राजकीय मर्यादा और पदीय कर्तव्यों के उल्लंघन का मामला

## जयपुर आरटीओ में अभद्रता पर सख्त एक्शन, निरीक्षक तनसुख टांक को 7 दिन में जवाब देने का नोटिस

**वायरल वीडियो के बाद हरकत में आया परिवहन मुख्यालय**

**निरीक्षक को 7 दिन में जवाब देने का अल्टीमेटम**

**संतोषजनक जवाब नहीं देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तय**



हमारा समाचार

**जयपुर**। जयपुर आरटीओ द्वितीय में पदस्थापित निरीक्षक तनसुख टांक द्वारा वाहन चालक के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने के मामले में परिवहन मुख्यालय ने गंभीरता दिखाते हुए कड़ी कार्रवाई की है। विभाग की ओर से निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

यह कार्रवाई उस समय की गई जब 29 नवंबर 2025 को जांच के दौरान निरीक्षक द्वारा एक वाहन चालक के साथ राजकीय मर्यादा के विपरीत अपशब्दों का प्रयोग किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही मामला विभाग के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में आ गया, जिसके बाद परिवहन मुख्यालय ने पूरे प्रकरण को गंभीर अनुशासनहीनता के रूप में लिया। परिवहन मुख्यालय द्वारा जारी नोटिस में इस कृत्य को राजकार्य के प्रति अशालीनता, अनैतिक आचरण एवं पदीय कर्तव्यों का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए कठोर टिप्पणी की गई है। नोटिस में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि यदि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तो संबंधित निरीक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि यह नोटिस अपर परिवहन आयुक्त (प्रशासन) ओमप्रकाश बुनकर द्वारा जारी किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार मामले की निगरानी उच्च स्तर पर की जा रही है और जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस प्रकरण ने एक बार फिर सरकारी अधिकारियों के आचरण, जनसंपर्क व्यवहार और जवाबदेही को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं विभाग की त्वरित कार्रवाई को प्रशासनिक सख्ती का संकेत माना जा रहा है।

## इन्फ्लुएंसर ने पाली की नाबालिग से दिल्ली में रेप किया:लग्जरी लाइफ का झांसा देकर घर से भगाकर ले गया, गिरफ्तार

हमारा समाचार



**पाली** सोशल मीडिया पर दिल्ली के एक इन्फ्लुएंसर ने पाली की नाबालिग लड़की से दोस्ती की। लग्जरी लाइफ का ख्वाब दिखाकर नाबालिग को भगाकर दिल्ली ले गया। वहां किराए के कमरे पर रखा और कई बार रेप किया। मासूम ने शादी का दबाव बनाया तो मारपीट की और शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस नाबालिग को दिल्ली से लेकर पाली लौटी और फरार आरोपी की तलाश शुरू की। मामले में पुलिस ने सोमवार को मुम्बई से आरोपी इन्फ्लुएंसर को दस्तयाब किया। उसका बांगड़ हॉस्पिटल से मेडिकल करवाकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### ऑनलाइन दोस्ती की, फिर भगाकर दिल्ली ले गया

सीओ सिटी मदनसिंह ने बताया- पाली शहर के कोतवाली थाने में 17 जुलाई 2025 को पीड़िता के परिजनों ने रिपोर्ट दी। बताया- उनकी 17 साल की नाबालिग बेटी से दिल्ली के रहने वाले एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने ऑनलाइन दोस्ती कर ली। इसके बाद 12 मई 2024 को वह मासूम को भगाकर ले गया।पुलिस ने मामला दर्जकर जांच शुरू की। नाबालिग को 5 महीने बाद बरामद कर परिजनों को सौंपा, लेकिन आरोपी पकड़ में नहीं आया। इसके बाद पुलिस ने पुख्ता सूचना पर सोमवार को मुम्बई से आरोपी को डिटेन किया और पाली लेकर पहुंची।

### लग्जरी लाइफ का झांसा दिया था

पुलिस के अनुसार- आरोपी के यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर लाखों की संख्या में फॉलोअर्स है। उसने नाबालिग से कहा कि दिल्ली आ जाओ दोनों साथ में रील बनाएंगे। आरोपी ने नाबालिग को लग्जरी लाइफ का ख्वाब दिखाकर अपने जाल में फंसाया। फिर 12 मई 2024 को भगाकर ले गया। नाबालिग को दिल्ली में किराए पर रूम दिलाकर रखा। दोनों ने तीन-चार महीने साथ में काम किया। इस दौरान आरोपी ने नाबालिग से दरिंदगी की।जब लड़की ने दिल्ली में किसी दूसरे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ रील बनाई तो आरोपी गुस्सा हो गया। उसने पीड़िता से कहा कि उसे बिल्कुल पसंद नहीं है कि तुम किसी और के साथ रील बनाओ। आरोप है कि जब मासूम ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने मारपीट की और शादी करने से इनकार कर दिया। इस पर लड़की ने अपने परिजनों से संपर्क किया। पुलिस दिल्ली पहुंची और उसे लेकर आ गई, लेकिन आरोपी फरार हो गया था।

## कोई बात नहीं मेरी जान...लिखकर युवक फंदे से लटका:डेढ़ महीने बाद अलमारी में मिला सुसाइड नोट

**जालोर**। मैंने बहुत सारे सपने देखे थे तुम्हारे लिए। मैंने तुम्हें अपनी पत्नी स्वीकार कर लिया था। अब मैं किसी और से प्यार नहीं कर पाऊंगा। तू ही मेरा पहला प्यार था और तूने भी मुझे धोखा दे दिया। कोई बात नहीं मेरी जान। अब मैं अलविदा कह रहा हूं। जालोर में युवक ने सुसाइड नोट में ये बातें लिखी और फंदा लगाकर अपनी जान दे दी थी। प्रारंभिक जांच में कारण सामने नहीं आए तो पुलिस ने मर्ग दर्ज कर ली थी।

## जयपुर में वकील का किडनैप, मारपीट कर रुपए वसूले:जिंदा छोड़ने के लिए पैसे मांगते रहे

हमारा समाचार

**जयपुर** में एक वकील का किडनैप कर फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। वकील के साथ चलती कार में जमकर मारपीट की गई। जिंदा छोड़ने के एवज में रिश्तेदारों से डिमांड कर रुपए वसूले गए। सांगानेर थाना पुलिस ने किडनैप हुए वकील को छुड़वाते हुए सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज कार व उनके मोबाइल भी जब्त किए हैं। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) संजीव नैन ने बताया- किडनैपिंग के मामले में आरोपी शिवराज सैनी (25), फूल सिंह सैनी (26), रवि सैनी (20), पिंटू सैनी (25), बंटी राम सैनी (24), आशीष मीणा (25) और मलकेश सैनी (24) निवासी बामनवास सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी फूल सिंह सैनी जयपुर के महिन्द्र सेज में रहकर डीवी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की जॉब करता है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में यूज कार और सभी के मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### नागौर से जयपुर तक सियासी उबाल..

# बेनीवाल का आज रियां बड़ी कूच का ऐलान.. बोले-होगी सरकार से 'आर-पार' की लड़ाई!

**किसान स्वाभिमान रैली के बाद भी नहीं टूटा आंदोलन**

## हजारों समर्थकों के साथ रातभर डटे रहे सांसद हनुमान बेनीवाल, प्रशासन ने मांगा मंगलवार तक का समय लेकिन बेनीवाल ने दी अंतिम चेतावनी

### जनहित के मुद्दों पर अब समझौता नहीं, नागौर से शुरू हुआ आंदोलन अब ले सकता है प्रदेशव्यापी रूप, बढ़ता जा रहा सियासी दबाव



हमारा समाचार

**नागौर**। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो एवं नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने एक बार फिर सरकार को खुली चुनौती देते हुए आज 13 जनवरी को रियां बड़ी पहुंचने का आह्वान किया है। शनिवार को आयोजित ऐतिहासिक किसान स्वाभिमान रैली के बाद भी आंदोलन की आग ठंडी नहीं पड़ी। सांसद बेनीवाल हजारों समर्थकों और किसानों के साथ रविवार सुबह तक मौके पर डटे रहे, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों को देर रात मौके पर पहुंचना पड़ा और उन्होंने आंदोलनकारियों से वार्ता कर मंगलवार तक का समय मांगा। हालांकि सांसद बेनीवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सिर्फ आंदोलन नहीं, किसानों के स्वाभिमान की लड़ाई है। अब सरकार से आर-पार की लड़ाई होगी। जब तक किसानों के हक नहीं मिलते, पीछे हटने का सवाल ही नहीं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन और सरकार ने मंगलवार तक ठोस निर्णय नहीं लिया, तो 13 जनवरी को रियां बड़ी में किसान और समर्थक पहले से भी बड़ी संख्या में जुटेंगे और यह आंदोलन प्रदेशव्यापी रूप लेगा। किसान स्वाभिमान रैली में नागौर सहित आसपास के जिलों से हजारों किसान ट्रैक्टरों, जीपों और निजी वाहनों से पहुंचे। रातभर आंदोलन स्थल पर नारों, भाषणों और घोषणाओं का दौर चलता रहा। प्रशासनिक अमला पूरी रात हालात पर नजर रखे रहा, क्योंकि आंदोलन किसी भी वक्त उग्र रूप ले सकता था। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किसानों और सांसद से आग्रह करते हुए कहा कि मंगलवार तक सरकार स्तर पर निर्णय लाने का प्रयास किया जाएगा लेकिन बेनीवाल ने साफ कर दिया कि यह सिर्फ आश्वासन नहीं बल्कि ठोस कार्यवाही चाहिए। नागौर की धरती से उठी यह आवाज अब प्रदेश की राजनीति में नई हलचल पैदा कर रही है। किसान संगठनों के साथ आरएलपी का यह मोर्चा आने वाले दिनों में सरकार के लिए गंभीर चुनौती बनता नजर आ रहा है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. (भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।